हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## प्रचार में बढ़ा 'शोर' सत्तापक्ष और विपक्ष ने लोगों को लुभाने में लगाया जोर

# मोदी ने कहा-2 युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोली और दे रहे जीभर के गालियां, राहुल बोले- मोदी झूठे और 'कमजोर आदमी'

एजेंसी ▶▶ पटना

नामदार लोग तो कामदार को गालियां देंगे ही

पीएम नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर की जनसभा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में दो युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोल रखी हैं। एक भारत के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। वहीं दूसरा बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। दोनों ही हजारों करोड़ों के घोटाले पर जमानत है। इन दोनों ने मोदी को भर-भर के गालियां दीं। अब जो लोग नामदार हैं, वह इस कामदार को गालियां तो देंगे ही। मुझे गाली दिए बिना, इनका खाना हजम नहीं होता है। दलित और पिछड़ों को गाली देना तो यह नामदार अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते हैं। इसलिए 24 घंटें यह लोग मुझे गंदी-गंदी गालियां देते रहते हैं। इसलिए क्योंकि इन्हें बर्दाश्त नहीं होता कि एक पिछड़ा का बेटा और चाय बेचने वाला आज यहां पहुंच गया।

### राजद और कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होगी


प्रधानमंत्री मोदी छपरा में रैली को संबोधित करते हुए।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का झगड़ा आज की असली खबर है। अब इनका रिश्ता तेल और पानी की तरह हो चुका है। बिहार में हर तरफ से खबरें आ रही हैं कि कैसे राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं। इन्हें जो चीज एक साथ ले आई है, वो है सत्ता का लालच। ये फिर से जंगलराज वापस ला सकते हैं। इनकी इस बार बड़ी हार होने वाली है।

### जो आस्था का सम्मान नहीं करते, वे स्थलों का विकास नहीं करेंगे

पीएम मोदी ने गुरुवार को छपरा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, वे लोग आस्था स्थलों का विकास नहीं कर सकते। दोनों ने छठी मैया का अपमान किया है।

### ये पंजाब में बिहारियों को घुसने नहीं देंगे...

इंडी गठबंधन के साथी ये लोग बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पंजाब के एक मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने एक रैली में खुला ऐलान किया कि बिहार के लोगों को वे अपने राज्य पंजाब में घुसने नहीं देंगे। उस समय मंच पर गांधी परिवार की एक बेटी, खुश होकर तालियां बजा रही थीं।

### उनके कारनामे.. कट्टा, क्रूरता, कटुता कुशासन, करप्शन

मुजफ्फरपुर में उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। आरजेडी के शासनकाल को गुंडराज बताते हुए उन्होंने 5 शब्दों में लालू की पार्टी के कारनामों की कथा कही। पीएम ने आरजेडी के शासन को कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन, करप्शन से परिभाषित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए यानी सुशासन, एनडीए यानी जनता की सेवा, एनडीए यानी विकास की गारंटी।

## इस मर्द से ज्यादा दम उस महिला में था, इंदिरा गांधी का जिक्र कर प्रधानमंत्री पर किया हमला



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाने का दावा करके पीएम का 50 बार अपमान किया है, लेकिन वे'डरपोक' हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। अमेरिका ने नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ जवाब दिया था।

### पीएम मोदी के हाथ में नीतीश का रिमोट कंट्रोल

राहुल ने दावा किया कि पीएम के हाथ में नीतीश जी का रिमोट कंट्रोल है। वह जो बटन दबाते हैं, वही चैनल नीतीश चालू कर देते हैं। नीतीश सरकार नहीं चला रहे हैं। सरकार मोदी जी, अमित शाह और नागपुर चलाते हैं। इससे लोगों को नुकसान होता है। उन्होंने यह दावा फिर किया कि छठ पूजा के लिए दिल्ली में प्रधानमंत्री के लिए यमुना के निकट साफ पानी का एक तलाब बनाया गया था।

### एनडीए ने वोट चोरी करके सरकार बनाई

राहुल ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने वोटों की चोरी करके केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने इस दौरान बिहार में एनडीए के दूसरे दलों पर भी हमला बोला।

### बिहार के अस्पतालों में लोग मरने जा रहे

राहुल गांधी ने नालंदा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सरकार नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं। राहुल ने कहा कि बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं।

### यहां 'दो तरह के हिंदुस्तान हैं'

राहुल ने कहा कि दो तरह का हिंदुस्तान है। एक हिंदुस्तान बड़े उद्योगपतियों का है और दूसरा दलितों, अति पिछड़ों, पिछड़ों और गरीबों का है।" उन्होंने दावा किया कि देश में सरकारी संपत्तियों को अंबानी और अडाणी के हवाले कर दिया गया है।

### शाह ने लालू और 'लाल' को ललकारा

## उनके जंगलराज में 32 हजार किडनैपिंग, एनडीए को जिताएं कि इटली तक लग जाए झटका



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रचार के दौरान आरजेडी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लालू और उनकी पत्नी राबड़ी के राज में जंगल राज था। नके राज में 32 हजार किडनैपिंग हुई थीं। इसके अलावा 12 बड़े नरसंहार हुए थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन को हराएं कि इसका झटका इटली तक लगे।

### कांग्रेस ने सरदार पटेल को भुलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

शाह ने कहा कि सरदार पटेल के कारण लक्ष्यद्वीप में तिरंगा फहराया गया। दुर्भाग्य की बात है कि सरदार पटेल के निधन के बाद उन्हें भुलाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत रत्न मिलने में 41 साल की देरी हुई।

नीतीश का विकास रिपोर्ट कार्ड

### पहले फालतू सरकार थी, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर में जनसभा की। नीतीश ने चुनावी माहौल में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और पुराने दौर को याद करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। नीतीश ने अपने भाषण की शुरुआत पुराने बिहार की तस्वीर दिखाकर की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार में बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। न सड़क थी, न बिजली, न शिक्षा की व्यवस्था। हर तरफ भय और अराजकता का माहौल था। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे।

### मोकामा में जन सुराज के कार्यकर्ता की हत्या



पटना से सटे मोकामा में गुरुवार को गोलीबारी हो गई। गोली से जन सुराज के एक समर्थक की मौत हो गई। घटना घोसवरी थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान दुलाल चंद यादव के रूप में की गई है। वे समर्थकों के साथ प्रचार में निकले थे। अनंत सिंह पर आरोप लगाय है।

### भाजपा ने राहुल के खिलाफ की शिकायत



**नई दिल्ली:** बिहार चुनाव के दौरान पीएम मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने राहुल के बयानों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पीएम को लेकर की गई टिप्पणियां मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के खिलाफ है। आयोग इस मामले में उचित कार्रवाई करे।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा कर दी है। आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि फीडबैक, सीबीएसई परीक्षा समितियों की बैठक के सुझावों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

### सरकार की श्रम-रोजगार नीति मनुस्मृति से प्रेरित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की तरफ से जारी 'राष्ट्रीय श्रम एवं रोजगार नीति - श्रम शक्ति नीति 2025' के मसौदे पर कड़ा हमला बोला है। मसौदे में लिखा गया है कि श्रम नीति की प्रेरणा मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, शुक्रनीति और अर्थशास्त्र से ली गई है।

### ननि की जमीन पर बनी संजौली मस्जिद गिरेगी



**शिमला।** शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर जिला अदालत ने गुरुवार का अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने मस्जिद के सभी ढांचों को पूरी तरह से गिराने का आदेश दिया है। ऐसा करके अदालत ने शिमला नगर आयुक्त के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की अपील को खारिज कर दिया।

### महावतार बाबा की गुफा में कोविंद ने किया 'ध्यान'



**अल्मोड़ा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उत्तराखंड दौरे पर हैं। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने अल्मोड़ा में महावतार बाबा की गुफा में 'ध्यान' लगाया। महावतार बाबा की गुफा दूनागिरी की पहाड़ियों में ध्यान लगाया। अध्यात्मिक यात्रा के बाद उन्होंनेअनुभव को अद्भुत और आत्मशांति प्रदान करने वाला बताया। वे फिर आने के इच्छक हैं।

## चक्रवात मोंथा ने कई शहरों में मचाई तबाही, कई वाहन बह गए

# तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे जलमग्न, सड़कें और रेल यातायात बाधित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से हुई अत्यधिक भारी बारिश के बाद तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे में गुरुवार को पानी भर गया। यह तूफान तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे तेलंगाना पर एक गहरे दबाव के क्षेत्र में कमजोर पड़ गया है। भारी बारिश ने वारंगल, करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपा दिया। सड़कों और रेल पटरियों के जलमग्न होने से सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ और फसलों को भारी नुकसान हुआ। हनमकोंडा जिले के भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई। तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी के अनुसार, 35 स्थानों पर 20.50 सेमी से अधिक की अत्यधिक भारी बारिश हुई, जबकि 68 स्थानों पर 11.50 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपाया

कई रहवासी इलाकों में लोग परेशान

भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई


तेलंगाना। बाढ़ के हालात में जान बचाने की जद्दोजहद में लोग।

### लगभग 45 इलाकों में बाढ़ के हालात

वारंगल और हनमकोंडा को जोड़ने वाली हंटर रोड, बोंधी नदी के उफान पर आने से जलमग्न हो गई, जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। नालों के उफान पर होने के कारण वारंगल-मुलुगु मार्ग पर भी यातायात बाधित रहा। बाढ़ के कारण भद्रकाली मंदिर का सड़क संपर्क भी टूट गया। भद्रकाली झील के उफान पर होने से आसपास की कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। वारंगल की मेयर गुंडू सुधारानी के अनुसार ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) के अंतर्गत आने वाले लगभग 45 इलाकों में बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों से लगभग 1,200 लोगों को सुरक्षित निकालकर पुनर्वास केंद्रों में पहुंचाया गया है।

### राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा की 7 टीमें बचाव में जुटीं

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों वाली सात टीमें बचाव अभियान में लगी हुई हैं। लोगों को बचाने के लिए नावों को भी लगाया गया है। बाढ़ में फंसे लोगों को भोजन, पानी और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### बस बाढ़ के पानी में फंस गई

तालाबों और नालों के उफान पर होने से वारंगल और हनमकोंडा जिलों में स्थिति और बिगड़ गई है। भारी बारिश के बाद हनमकोंडा का बस अड्डा पानी में डूब गया। वारंगल जिले के वर्धन्नापेट मंडल के उपरपल्ली गांव में सड़क परिवहन निगम की एक बस बाढ़ के पानी में फंस गई। वारंगल जा रही बस एक उफनती झील के पानी से सड़क पर पानी भर जाने के बाद फंस गई। हालांकि, यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।

### सांसद और कलेक्टर ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

इस बीच, बंदोबस्ती और वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने वारंगल शहर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने जलमग्न इलाकों में फंसे लोगों से फोन पर बात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद कदियम कविया और वारंगल जिला कलेक्टर सत्य शारदा ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। करीमनगर जिले के सैदापुर मंडल में भी भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई। वेंकापल्ली में एक नहर में दरार आने से सड़कों पर पानी भर जाने के कारण मंडल के कुछ गांवों का संपर्क टूट गया है।

### कई कारें बह गईं, 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया

खम्मम शहर में मुन्नरू नदी में आई बाढ़ से आसपास की आवासीय बस्तियां जलमग्न हो गईं। बाढ़ में कई कारें बह गईं। लगभग 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया। मुन्नरू में जलस्तर 24.7 फीट तक पहुंच गया। अधिकारियों ने तीसरी बार बाढ़ की चेतावनी जारी की है। ऊपरी नदी से भारी जल प्रवाह के कारण जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बाढ़ के पानी ने खम्मम-बोनाकल मार्ग को भी जलमग्न कर दिया है, जिससे वाहनों का आवागमन ठप हो गया है।

### दिल्ली पुलिस ने हलफनामे में कहा

## सत्ता परिवर्तन के लिए रची गई थी दिल्ली दंगों की साजिश!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली दंगे से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद की जमानत का विरोध करते हुए हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली हिंसा की साजिश सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य के साथ रची गई थी। हलफनामे में कहा सिलसिलेवार खालिद और उसके साथियों ने दंगे और हिंसक प्रदर्शनों की रणनीति बनाई। इंटरनेशनल थ्योरी में इस प्रकार के संगठित/प्रायोजित आंदोलनों को सत्ता परिवर्तन अभियान कहा गया है।31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगों के मामले में उमर,शरजील समेत अन्य आरोपियों की जमानत पर सुनवाई होनी है। पुलिस ने हलफनामे में कहा है कि उमरऔर दूसरे आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं, उन्हें जमानत नहीं मिलनी चाहिए। ये देश में दंगे भड़काने की साजिश में शामिल थे।

### प्रशासन ने आदेश जारी किया

## खरगे के गृह क्षेत्र में संघ के रूट मार्च को मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु




कर्नाटक के यादगीर जिले के गुरमितकल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को पथ संचलन निकालने की अनुमति मिल गई है। यह इलाका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह क्षेत्र माना जाता है। प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी कर शुक्रवार को होने वाले इस मार्च के लिए मंजूरी दी। यह आयोजन आरएसएस की शताब्दी वर्षगांठ के मौके पर हो रहा है। यादगीर जिला प्रशासन ने पथ संचलन की मंजूरी देते समय 10 सख्त शर्तें लगाई हैं।

**पथ संचलन के लिए तय किया रास्ता पुलिस तैनात**

मार्च का जो रास्ता तय किया गया है, उसमें सम्राट सर्कल, एपीएमसी सर्कल, हनुमान मंदिर, मराठवाड़ी, पुलिस स्टेशन रोड, मिलन चौक और सिहिनेहरू बावी मार्केट मेन रोड से होते हुए राम नगर में इसका समापन होगा। पथ संचलन के दौरान पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

### नागपुर में जमे किसान, लंबा जाम लगा

## बच्चू कडू के किसान आंदोलन में शामिल हुए जरांगे पाटिल

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में किसानों का 'महा एल्गार' आंदोलन तीसरे दिन भी जोर पकड़ लिया। कुछ आंदोलनकारी अभी-भी शहर में डेरा डाले हुए हैं, जबकि अन्य किसान अपने-अपने गंतव्यों की ओर लौट चुके हैं। आंदोलन को लेकर मुंबई में अहम बैठक हुई। इसके अलावा पूर्व विधायक बच्चू कडू ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात की। बैठक में किसान नेता बच्चू कडू और मराठा आंदोलक मनोज जरांगे पाटील, राजू शेट्टी, रविकांत तुपकर, महादेव


नागपुर हाइवे पर बैठे किसान।

जानकर, वामनराव चपट, अजीत नवले आदि शामिल हुए। किसानों की मांग किसान कर्ज माफी की तारीख का ऐलान करना है। राठा आरक्षण आंदोलन के प्रमुख चेहरे मनोज जरांगे पाटिल आंदोलन में शामिल हुए। हिंगणघाट, यवतमाल और चंद्रपुर मार्गों पर चलने वाली 118 बसों के फेरे रद्द करने पड़े।

## तहव्वुर राणा को लेकर भारत ने अमेरिका से मांगी मदद



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा से जुड़ी हुई बड़ी खबर है। भारत ने मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के पाकिस्तान कनेक्शन की जांच में अमेरिका से मदद मांगी है। इस संबंध में एनआईए ने अमेरिकी अधिकारियों को औपचारिक रूप से सवाल भेजे हैं ताकि राणा के पाकिस्तानी-कनाडाई मूल के संबंधों की जानकारी मिल सके. सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में अमेरिका की ओर से जवाब का इंतजार है। लंबे समय से अमेरिका में बंद राणा को 10 अप्रैल 2025 को अमेरिकी मार्शल्स ने दिल्ली लाकर एनआईए के हवाले कर दिया था। राणा पर भारत में कुल 10 गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज है। इन धाराओं में हत्या, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना और भारत में साजिश रचना जैसे संगीन आरोप शामिल हैं। बता दें कि 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से समुद्री रास्ते भारत पहुंचे 10 आतंकवादियों ने मुंबई में हमला किया था। करीब 60 घंटे तक चले हमले में ताज होटल, ओबेरॉय होटल, शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस यहूदी केंद्र को निशाना बनाया गया था। इस हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए थे। अब सबकी निगाहें 7 अगस्त पर टिकी हैं, जब पटियाला हाउस कोर्ट यह साफ करेगा कि तहव्वुर राणा को अपने परिवार से बातचीत कर निजी वकील रखने की अनुमति दी जाएगी या नहीं. हालांकि, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) तथा तिहाड़ जेल प्रशासन ने अपने जवाब में उसे अनुमति नहीं दिए जाने की बात कही है।

### 1 से 15 नवंबर तक मनाया जाएगा 'भारत पर्व'

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि इस बार सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर साल राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशाल परेड का आयोजन किया जाएगा। इस परेड में केंद्रीय शस्त्र बलों सहित विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमें भी शामिल होंगी। गृह मंत्री अमित शाह ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब हर साल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में हर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में भव्य परेड आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवंबर तक भारत पर्व 2025 मनाया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को सुबह सात बजकर 55 मिनट से शुरू होने वाली पहली परेड में हिस्सा लेंगे।

## 'नया उबर ड्राइवर आ गया' दोसांझ पर नस्लभेदी टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मशहूर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को भी रंगभेद (रेसिज्म) का शिकार होना पड़ा है। सिंगर इन दिनों अपने म्यूजिक टूर ऑरा को लेकर सुर्खियों में हैं। अपने सिडनी कॉन्सर्ट से पहले उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के तुरंत बाद उन्हें अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। दिलजीत ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद झेले गए नस्लभेद (रेसिज्म) के बारे में बताया कि आस्ट्रेलिया पहुंचने पर किसी ने उन्हें एक पैपराजी पोस्ट का कमेंट सेक्शन भेजा, जिसमें उनके लिए की गईं टिप्पणियां चौंकाने वाली थीं। जैसे- नया उबर ड्राइवर आ गया, या नया 7/11 कर्मचारी पहुंच गया। मैंने ऐसी कई नस्लभेदी टिप्पणियां देखी हैं।
लेकिन लोग इसके खिलाफ लड़ भी रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपने लिए जगह बनाने के लिए बहुत संघर्ष किया है।' उन्होंने कहा, 'जब मैं ऑस्ट्रेलिया पहुंचा तो कुछ एजेंसीज ने इस बारे में रिपोर्ट की। किसी ने मुझे उन रिपोर्ट्स में से एक का कमेंट सेक्शन भेजा।

जबलपुर
शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 182
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 27
न्यून. 21

**भोपाल में** मौसम ऐसा ही रहेगा

## 3 नवंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ बढ़ाएगा तेज सर्दी

**दिन का पारा** सामान्य से औसतन 8 डिग्री तक नीचे रहा

**दो दिन पूर्वी** और दक्षिण उत्तरी हिस्से भीगेंगे



राजधानी की शाहपुरा झील का दृश्य, सुबह 7.45 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ है। गुरुवार को भी अधिकांश जिलों में बादल, बौछारों और उत्तरी हवाओं के बीच दिन के तापमान में कमी आई। इससे सर्दी और बढ़ गई। शुक्रवार को अक्टूबर का अंतिम दिन है, जो ऐसे ही मौसम में बीतेगा। अब नवंबर का पहला सप्ताह भी बादल, बारिश और सर्द हवाओं के बीच बीतने वाला है। शुक्रवार से अगले एक सप्ताह तक केवल एक और दो नवंबर को कुछ राहत रहेगी।

### सुबह से शाम तक 12 जिलों में बौछारें

गुरुवार को सुबह से शाम तक सतना, रीवा, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर और उज्जैन में नर्मदापुरम संभाग, जबलपुर संभाग, सागर संभाग के कुल 12 से अधिक जिलों में बारिश, बूंदाबांदी का असर रहा। इटारसी में तेज बारिश रही। दतिया में सर्वाधिक 36, जबलपुर33, गुना 16, मलाजखंड में 29 मिमी बारिश हुई।

▶▶ पुलिस ने उससे बातचीत की कोशिश की थी लेकिन बात नहीं बनी

# ऑडिशन के लिए आए 17 बच्चों को बंधक बनाने वाला शख्स पुलिस एनकाउंटर में ढेर

## पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी और सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के पवई स्थित आरए स्टूडियो में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले आरोपी रोहित आर्य की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को रोहित ने ऑडिशन के लिए आए बच्चों को बंधक बना लिया था। पुलिस ने उससे बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। फिर पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी और सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया।

### बंधक बनाने वाले ने कहा था उकसाया तो आग लगा दूंगा

आरोपी रोहित आर्य स्टूडियो में ही काम करता था। उसने एक वीडियो भी जारी किया था। इसमें उसने धमकी दी थी-मैं रोहित आर्य। मैंने आत्महत्या करने की जगह एक प्लान बनाया और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाया। मेरी कुछ ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी कुछ नैतिक मांगें हैं। कुछ लोगों से सवाल पूछने हैं। मुझे उनके जवाब चाहिए। न मैं आतंकी हूं, न मेरी पैसों की कोई मांग है।





### क्या करता था रोहित आर्य?

रोहित आर्य पुणे का रहने वाला व्यक्ति था। वो एक ठेकेदार बताया था। निर्माण कार्य और सरकारी प्रोजेक्ट्स से जुड़ा काम करता था। उसे एक सरकारी स्कूल के काम का टेंडर मिला था, लेकिन उसका दावा था कि किए गए काम के करीब दो करोड़ रुपए का भुगतान अब तक नहीं मिला। इस बकाया राशि को लेकर वह लंबे समय से परेशान था और कई बार प्रदर्शन भी कर चुका था। इसके बावजूद जब उसकी बात नहीं सुनी गई। कहा जा रहा है कि उसने इसी कारण बच्चों को बंधक बनाया था।




## खबर संक्षेप


### ट्रंप का बना आधार कार्ड, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** पुलिस ने एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पवार पर ट्रंप के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनाने और उसका इस्तेमाल फर्जी वोटर रजिस्टर करने का आरोप है। पवार ने कहा कि वह सिर्फ यह दिखा रहे थे कि आधार कार्ड सिस्टम में कितनी कमियां हैं।




### ममता कुलकर्णी का विवादित बयान, पलटीं

**गोरखपुर।** एक्ट्रेस से साध्वी बनी ममता कुलकर्णी ने दाऊद इब्राहिम को लेकर कहा- उसने कोई ब्लास्ट या एंटी नेशनल काम नहीं किया। दाऊद से मैं अपने जीवन में कभी नहीं मिली। इस बयान पर ममता कुलकर्णी ने बाद में सफाई दी और कहा मेरे बयान को ठीक से सुनें साधु अपने विवेक का इस्तेमाल करें। मैंने ऐसा नहीं कहा था।



### अब एम्स के डॉक्टर लिखेंगे हिंदी में पर्चा

**नई दिल्ली।** एम्स में अब डॉक्टर मरीजों के पर्चे हिंदी में लिखेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि डॉक्टरों को डेली के कामकाज में हिंदी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जब पर्चे और दवाइयों का नाम हिंदी में लिखा जाएगा तो मरीज और उनके परिवार को आसानी होगी। देखा गया है कि अंग्रेजी में दवा लिखी जाती है।



### मैपकास्ट में सीएम डॉ. यादव ने ड्रोन पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन किया

मैपकास्ट परिसर में ड्रोन टैक्सी का लाइव डेमो दिया गया

# नई ड्रोन पॉलिसी की मॉनिटरिंग से कृषि-आपदा तक में मिलेगी मदद

◀ मुख्यमंत्री ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, स्टार्टअप और औद्योगिक संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर पहुंचकर ड्रोन तकनीक के शैक्षणिक औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की



बच्चों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद (मैपकास्ट) में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो 2025 की शुरूआत की। मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र की सहायता से प्रदेश में विकास के हर संभव प्रयास जारी हैं। प्रदेश सरकार ने अपनी नई ड्रोन पॉलिसी भी तैयार की है।

हमें दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। ड्रोन, विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है। ड्रोन कृषि कार्यों में आज अन्नदाता की मदद कर रहा है। इससे खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आसान हुआ है। ड्रोन तकनीक से देश के दुश्मनों का खात्मा भी हो रहा है। हमारे वैज्ञानिक वाइस कमांड कंट्रोल की सहायता से ड्रोन को ज्यादा आधुनिक बना रहे हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव** ने भोपाल में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो 2025 को किया संबोधित

**कहा-दुनिया ने** 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारतीय ड्रोन तकनीक की ताकत देखी



ड्रोन के संबंध में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### 4 हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन

मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो-2025 आयोजित किया गया है। इसमें ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर के 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उन्हें स्वरोजगार एवं तकनीक आधारित जानकारी दी जाएगी। विज्ञान एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मध्यप्रदेश के विकास के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है।



**ड्रोन टैक्सी ने भरी उड़ान, लाइव डेमो दिया**

कार्यक्रम के दौरान मैपकास्ट परिसर में ड्रोन टैक्सी का लाइव डेमो दिया गया। इस दौरान ड्रोन टैक्सी ने करीब छह मीटर तक ऊपर उड़ान भर कर तकनीकी क्षमता का परिचय दिया। इस ड्रोन टैक्सी से करीब 25 किलोग्राम तक वजन हवा में कहीं पर भी पहुंचाया जा सकता है।

**महिला क्रिकेट विश्व कप**

# भारत ने तोड़ा आस्ट्रेलिया का गुरूर



-वुमेन ऑफ द मैच जेमिमा रोड्रिग्स की ऐतिहासिक पारी से भारत फाइनल में

-हरमनप्रीत कौर की शानदार कप्तानी पारी

-रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत खेलेगा फाइनल मुकाबला

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी के मैदान पर भारत ने वर्तमान चैंपियंस ऑस्ट्रेलिया को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 338 रन बनाए थे। जवाब में जेमिमा रोड्रिग्स की शतकीय पारी से भारत ने लक्ष्य को 49 ओवर में हासिल कर लिया। टीम इंडिया को मैच में 5 विकेट से जीत मिली। यह विश्व कप इतिहास के नॉकआउट में सबसे बड़ा रन चेज है। अभी तक पुरुषों के विश्व कप में भी ऐसा नहीं हुआ था। 2 नवंबर को विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम का सामना साउथ अफ्रीका से होगा।

### जेमिमा के बल्ले से निकला शतक

भारत के लिए जेमिमा रोड्रिग्स ने शतक लगाया। वह अंत तक नाबाद रही और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। उन्होंने 127 रनों की पारी खेली। उन्होंने 134 गेंदों का सामना किया और 14 चौके मारे। तीसरे विकेट के लिए हरमनप्रीत कौर के साथ जेमिमा ने 167 रनों की साझेदारी बनाई। 156 गेंदों की इस साझेदारी ने मैच को भारत की तरफ मोड़ दिया। हरमनप्रीत कौर शतक से चूक गईं। उन्होंने 88 गेंद पर 89 रनों की पारी खेली। दीप्ति शर्मा ने 17 गेंद पर 24 जबकि ऋचा घोष ने 16 गेंद पर 26 रनों का योगदान दिया। अंत में अमनजोत कौर ने 8 गेंद पर 15 रनों की नाबाद पारी खेली।


### लिचफील्ड ने जड़ा था ऑस्ट्रेलिया के लिए शतक

सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 119 रन रनों की पारी खेली। एलिस पेरी (77 रन) और एश्ले गार्डनर (63 रन) के बल्ले से भी अर्धशतक निकला। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 49 रन देकर दो विकेट लिए। मेहमान टीम दो विकेट पर 220 रन के स्कोर से छह विकेट पर 265 रन तक पहुंच गई लेकिन इसके बाद गार्डनर की 45 गेंद में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ित पारी ने टीम को 300 रन के पार करा दिया। टीम एक गेंद रहते 338 रन के स्कोर पर सिमट गई।लिचफील्ड ने 93 गेंद की पारी के दौरान 17 चौके और तीन छक्के जड़े। पेरी ने 88 गेंद में छह चौके और दो छक्के जमाए। लिचफील्ड और पेरी ने दूसरे विकेट के लिए 133 गेंद में 155 रन की साझेदारी निभाई। पारी की शुरुआत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे ओवर में एलिसा हीली का कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया। हालांकि अंतिम एकादश में वापसी करने वाली ऑस्ट्रेलियाई कप्तान छठे ओवर में सस्ते में आउट हो गईं। लिचफील्ड की शानदार पारी का अंत अमनजोत कौर की गेंद पर हुआ जिसे वह डीप फाइनल लेग में खेलना चाह रही थीं लेकिन इससे उनके मिडिल स्टंप उखड़ गए। पेरी उनका अच्छा साथ निभा रही थीं और उन्होंने अर्धशतक जड़कर टीम के लिए अहम योगदान दिया। वह राधा यादव की गेंद पर बोल्ड हुईं।

**एक गंभीर,** दूसरे की मौत हुई

### काठगोदाम के जंगल में दो भाइयों ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कंधे पर ले गए


■ माता-पिता ने भी किया था सुसाइड

मध्यप्रदेश से नैनीताल के काठगोदाम आकर दो सगे भाइयों ने कीटनाशक पदार्थ सल्फास खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। बड़े भाई 22 वर्षीय शिवेश मिश्रा की गुरुवार सुबह डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में मृत्यु हो गई। छोटा भाई 20 वर्षीय बृजेश मिश्रा की हालत गंभीर है।

**रेलवे के** निर्माणाधीन ब्रिज से हादसा

### चलती गाड़ियों पर गिर पड़ी क्रेन, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर



क्रेन पलटी

■ मुआवजे पर चक्काजाम खत्म

धार जिले के पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर पिलर चढ़ा रही क्रेन पलट गई और सर्विस रोड से गुजर रहे दो पिकअप वाहनों पर गिर गई। दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**13 की उम्र** में विवाह, 15 साल में मां

### 23 साल के लड़के से ब्याहा माता-पिता समेत 5 को जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



आरोपी पति

■ नाबालिग के प्रसव से पुलिस को पता चला

एक नाबालिग लड़की की शादी और फिर उसके मां बनने का मामला सामने आया है। जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस जांच में पता चला कि साल 2023 में मंगेला गांव में रहने वाले 23 साल के युवक से 13 साल की बच्ची की शादी उसके माता-पिता और परिजनों ने मिलकर कराई थी।

**यूएस में** नया नियम लागू हुआ

### वर्क वीजा नवीकरण लंबित तो नहीं कर पाएंगे काम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




एच 1 बी वीजा

■ भारतीय पेशेवरों पर होगा असर

अमेरिका में पहले से काम कर रहे विदेशी नागरिकों का वर्क वीजा नवीकरण को यदि तय समय से पहले मंजूरी नहीं मिली तो उन्हें अब अमेरिका में काम जारी रखने का मौका नहीं मिलेगा। ट्रंप प्रशासन ने वर्क वीजा नवीनीकरण की शर्तों में बदलाव किया है, जो गुरुवार से लागू हो गया।

### सीएम ने विद्यार्थियों को जारी की 303 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में जारी की। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअली जुड़े। देश में सबसे अच्छे शासकीय विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। गत माह ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 8 लाख 50 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की गई।




**जबलपुर में** प्रारंभ हुई संघ की तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक

देश भर में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन होंगे

# मातृभूमि के अनुयायी और वंदे मातरम को शिरोधार्य करने वाले सभी हिंदू ही

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां गुरुवार से शुरु हुई तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक में शताब्दी वर्ष में होने वाले गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रमुख जन संगोष्ठी की तैयारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही विजयादशमी उत्सवों की समीक्षा की गई। इसमें वर्तमान परिस्थिति पर बैठक के आगामी दिनों में चर्चा होगी। गृह संपर्क अभियान के क्रियान्वयन की व्यापक रूपरेखा तय करने के कई प्रस्ताव आए, जिन पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक गुरुवार को जबलपुर के कचनार सिटी में प्रारंभ हो गई।





प्रथम चित्र में संघ प्रमुख डॉ. भागवत एवं होसबाले, दूसरे चित्र में अन्य पदाधिकारी

शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया। बैठक में हिंदू सम्मेलनों के आयोजन से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा उपरांत एक लाख से अधिक सम्मेलन करना प्रस्तावित हुआ।

### कुल 407 कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे

इस बैठक में संघ के सभी 6 सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सर्वश्री मुकुंदा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये सहित अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं निमंत्रित कार्यकर्ताओं सहित कुल 407 कार्यकर्ता शामिल हैं। बैठक में देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक आपदाओं में समाज के सहयोग से स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भी जानकारी दी गई। बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और वंदेमातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी किए

### नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना बनेगी

बैठक में शताब्दी वर्ष पर अब तक हुए सभी आयोजनों पर चिंतन किया गया। संघ से जुड़ने वाले नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना पर भी बैठक में विचार किया जाएगा। बैठक में बार-बार उद्वेलित होते समाज को सद्भाव बैठकों के माध्यम से व्यक्ति की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोगी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। प्रमुख- प्रबुद्ध जन गोष्ठी की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से उनके सकारात्मक विचारों और अनुभव को साझा किया जाएगा। ताकि राष्ट्र निर्माण में हरेक की भूमिका निहित हो सके।

**खबर संक्षेप**



## मैनिटः सीबीआई की धाराओं की जानकारी दी

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट में आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सीबीआई शाखा प्रमुख शुभेन्द्र कट्टा (आईआरएस) पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक शाखा भोपाल को आमंत्रित किया गया। कट्टा ने अपने उद्बोधन में सीबीआई के अधिनियम और धाराओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने चिन्हित उदाहरणों के साथ भ्रष्टाचार के प्रकारों के बारे में बताया। तीसरे भाग में उन्होंने साइबर क्राइम के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से भ्रष्टाचार के होने से पहले पहचानना और उसे रोकने की तकनीकी तरकीबें बताईं। शुरूआत में मैनिट के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. विमलेश कुमार सोनी ने सीबीआई और संस्थान के सीवीओ कार्यालय के संयुक्त प्रयासों के बारे में बताया। चर्चा के दौरान संस्थान के डीन, विभाग प्रमुख, प्रोफेसर्स, प्रशासकीय स्टाफ और छात्रों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। संचालन प्रो. मनीष विश्वकर्मा और प्रो. विकास पूनिया ने तथा आभार प्रदर्शन प्रो. ललिता गुप्ता ने किया।

## गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल 'थैंक्स-ए-डॉट'

**इंदौर।** एक ऐसा अभियान जिसने न सिर्फ महिलाओं को जागरूक किया बल्कि सम्पूर्ण देश में एक नई मिसाल कायम कर दी। 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के तहत कंपनी ने 1,191 'हग ऑफ लाइफ' हॉट वॉटर बैग्स से बना दुनिया का सबसे बड़ा मोज़ेक तैयार किया, जिस पर लिखा था- टेक ए ब्रेस्ट सेल्फ-एग्जाम विथ थैंक्स-ए-डॉट। इस अनोखे प्रयास ने एसबीआई लाइफ को गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एमडी एवं सीईओ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अमित झिंगरन, अभिनेत्री एवं स्तन कैंसर सर्वाइवर महिमा चौधरी और गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के स्वप्निल डांगरिकर मौजूद रहे। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी ने इस अवसर पर कहा,इस पहल से जुड़ना मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह शुरुआती पहचान के महत्व को बढ़ावा देती है। मैंने खुद स्तन कैंसर का सामना किया है, इसलिए मैं जानती हूं कि समय पर जांच कितनी जरूरी है और नियमित स्व-परीक्षण जीवन बदल सकता है।

# अब फेसबुक पर आमजनों से रूबरू होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, हर विकास कार्य की मिलेगी जानकारी

*आमजन से जुड़ने के लिए सीएम ने अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के आम नागरिक अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक न केवल सीधे अपनी बात पहुंचा सकेंगे, बल्कि प्रदेश के हर विकास कार्य की जानकारी आम नागरिक को सीधे सीएम के जरिए ही मिल सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अब आमजन से जुड़ने के लिए अपना अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया है। स्थापना दिवस के ठीक पहले मुख्यमंत्री का अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया गया है।

यहां आमजन डिजिटल रास्ते से अपनी सरकार से सीधे जुड़ सकते हैं। मध्यप्रदेश में किस क्षेत्र में कौन सी सड़क बन रही है, किस जगह स्कूल खुल रहा है। किसानों के लिए राज्य सरकार क्या योजना शुरू करने जा रही है। हर जानकारी अब आम आदमी के हाथ में होगी।

**राज्य सरकार क्या योजना शुरू करने जा रही है, इसकी जानकारी अब आम आदमी के पास में होगी**


फाइल फोटो

### क्षेत्रीय समस्याओं की सीधे शिकायत

मुख्यमंत्री के इस पेज को फॉलो करने वाले अब उनसे अपनी क्षेत्रीय समस्याओं, अफसरों को हटाने, भ्रष्टाचार की शिकायत भी सीधे कर रहे है। सारणी से आरके सीलू ने सीएम से कहा है कि सारणी मार्ग का भूमिपूजन होने के दो वर्ष बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। इस सड़क से सारणी से लादी रतेड़ा, मुलताई, आमला के लोग आवागमन करते है। उन्होंने इस निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया है। पंकज मीणा का सीएम ने कमेंट पढ़ने के बाद किसी अधिकारी को तत्काल उनकी समस्या का निराकरण कराने के लिए कहने का आग्रह किया है।

### कैबिनेट, आम बैठक, कार्यक्रमों की लाइव लिंक मिल सकेगी

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस फेसबुक पेज को फॉलो कर आम आदमी राज्य सरकार से जुड़ी हर खबर बिना इंतजार पा सकेगा। यह पेज खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पब्लिश और स्पॉन्सर किया गया है। इस पेज को फॉलो करने वालों को मुख्यमंत्री की कैबिनेट बैठकों, आम बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों की लाइव लिंक भी मिलेगी और वीडियो, फोटो भी सबसे पहले देखने को मिलेंगे। प्रदेश के सरकारी विभागों से जुड़ी तमाम योजनाओं की जानकारी भी यहां आमजन को देखने को मिलेगी।*

## मप्र ने पहली बार दिखाया कारनामा

# 66,218 करोड़ रु. का निर्यात कर रचा इतिहास


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र का निर्यात पहली बार 66,218 करोड़ रुपए दर्ज किया है। यह अब तक का सर्वोच्च निर्यात है। प्रदेश ने निर्यात क्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करते हुए यह रिकार्ड हासिल किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट 66,218 करोड़ रुपए और आईटी कंपनियों का निर्यात 4,038 करोड़ रुपए रहा। निरंतर औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के परिणामस्वरूप मप्र की राष्ट्रीय निर्यात रैंकिंग 15 वें से बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंची है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि प्रदेश के अनेक निर्यातक अपने उत्पादों का निर्यात गुजरात और महाराष्ट्र के बंदरगाहों के माध्यम से करते हैं, जिससे उनके आंकड़े प्रायः अन्य राज्यों के खाते में दर्ज हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में मप्र एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी का शुभारंभ किया। इस नीति के तहत निर्यातकों को प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में नई गति मिली है।

### एक्सपोर्ट प्रमोशन विषयक कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां हुई

प्रदेश सरकार और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम ने निर्यात वृद्धि के उद्देश्य से वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन विषयक कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां निरंतर आयोजित की। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय मानकों, निर्यात प्रक्रियाओं और वैश्विक अवसरों से जोड़ना है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को सागर में कृषि उपकरणों के निर्यात पर कार्यशाला हुई। अगर मालवा में 29 अक्टूबर को संतरा उत्पादों के प्रसंस्करण पर, 30 अक्टूबर को बैतूल में सागौन उत्पादों के वैश्विक बाजार पर, 31 अक्टूबर को इंदौर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर और 4 नवम्बर को श्योपुर में टमाटर प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं पर आयोजित की जाएंगी।

### कार्यशालाओं में यह विषय होंगे शामिल

कार्यशालाओं में एपिडा, उद्यानिकी विभाग, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, ईसीजीएस, एसबीआई, एक्जिम बैंक, भारतीय डाक विभाग और प्रमुख ई-कॉमर्स मंचों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। विशेषज्ञ ब्रांडिंग, पैकेजिंग, जीआई टैगिंग, गुणवत्ता परीक्षण, वित्तीय सहायता, बीमा, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन देंगे। मप्र की असली पहचान उसकी कृषि, परंपरा और हुनर में निहित है। प्रदेश जहां फलों, सब्जियों, मसालों, अनाज और वनोपज के उत्पादन में अग्रणी है, चंदेरी साड़ी, लकड़ी के खिलौने, रत्न और कृषि आधारित उत्पाद प्रदेश की वैश्विक पहचान बन रहे हैं।

### लाइव डेमोंस्ट्रेशन का किया जाएगा आयोजन

मप्र स्थापना दिवस (1 नवम्बर 2025) पर एक भव्य प्रदर्शनी और लाइव डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विविध ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित होंगे। कारीगर अपने उत्पादों का लाइव निर्माण कर आगंतुकों को प्रदेश की परंपरा, परिश्रम और कौशल से परिचित कराएँगे। यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का जीवंत उदाहरण होगा। उज्जैन स्थित एकता मॉल इस पहल का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां देशभर के जीआई टैग और ओडीओपी उत्पाद एक ही छत के नीचे प्रदर्शित और विक्रय किए जा रहे हैं।

### निगम आयुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**भोपाल।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अफसरों के साथ विकास कार्यों और स्वच्छता संबंधी चल रहे कामों को लेकर बैठक ली व जानकारी हासिल की। उन्होंने राजधानी में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली। उन्होंने अफसरों से निगम द्वारा किए जा रहे कामों को निर्धारित समय में पूरा करने को कहा। बैठक में उपायुक्त, अपर आयुक्त सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 2003 के बाद जुड़े नामों के पिता के नाम की तलाश, 22 साल में जुड़े 9 लाख 44 हजार 152 वोटर्स

# पांच लाख वोटर्स को मिलेंगे नोटिस, जिन्हें नागरिक होने का पेश करना पड़ेगा प्रमाण-पत्र

**बीएलओ गणना पत्रक फार्म की जानकारी के आधार पर ही प्रारंभिक प्रकाशन में नाम आएगा**

**चार नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गणना पत्रक बांटने का काम होगा शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में गणना पत्रक बांटने का काम शुरू कर दिया जाएगा, जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने एक्सरसाइज का काम शुरू कर दिया है, जिसके तहत जिले की सात विधानसभाओं में 2029 बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं की जानकारी जुटाना भी शुरू कर दिया है। पिछले 22 साल में बढ़े 9 लाख 44 हजार 152 वोटर्स के पिता का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में तलाश किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर करीब चार लाख वोटर्स के ब्लड रिलेशन वाले मतदाता भी मिल गए हैं। ऐसे में शेष बचे करीब पांच लाख वोटर्स को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिन्हें भारत का नागरिक होने का प्रमाण पेश करना पड़ेगा।

बुधवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर को ट्रेनिंग पूरी करने की हिदायत दी। इस मौके पर नरेला विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी एसआईआर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत प्रत्येक वोटर के घर पर बीएलओ गणना पत्रक फार्म लेकर जाएगा। जिसे सावधानी से भरना जरूरी है। इस फार्म की जानकारी के आधार पर ही प्रारंभिक प्रकाशन में नाम आएगा। जिन मतदाताओं के गणना पत्रक फार्म नहीं आएंगे, उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे।

### गोविंदपुरा में 4 लाख से ज्यादा मतदाता

वर्तमान में गोविंदपुरा विधानसभा में सबसे ज्यादा 4 लाख 1 हजार 816 मतदाता हैं। जबकि वर्ष-2003 में इनकी तादाद 3 लाख 41 हजार 51 थी। इस विस को तोड़कर ही नरेला विधानसभा का गठन किया गया था। नरेला में 3 लाख 54 हजार 844 मतदाता दर्ज है। इधर, दक्षिण-पश्चिम में पहले 4 लाख 21 हजार 105 थे, जो अब घटकर 2 लाख 34 हजार 134 हो गए हैं। इस विस को तोड़कर मध्य विस का गठन किया गया था। इसी तरह बैरसिया विस में पहले एक लाख 96 हजार 709 मतदाता थे, जो अब बढ़कर दो लाख 53 हजार 918 हो गए हैं।

### एसडीएम दफ्तरों में लग जाएगी भीड़

एसआईआर के दौरान जिन लोगों के नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। या जिसके पिता, दादा, ताऊ और चाचा का नाम भी वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है। उनको एसडीएम नोटिस जारी करेंगे। ऐसे में सात विधानसभाओं में पांच लाख से अधिक लोगों को नोटिस जारी होंगे, जिससे एसडीएम दफ्तरों में भीड़ लग जाएगी।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक**

## मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन


मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा बैठक लेते हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी संभागों के कमिश्नर एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागों के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है।

### 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ की ओर से 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। फाइनल मतदाता सूची का 7 फरवरी 2026 को प्रकाशन होगा।

## चांपा के भू- अर्जन शाखा में पदस्थ थे आरोपी

# 1 लाख 80 हजार की रिश्वत लेते अमीन पटवारी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो बिलासपुर की टीम ने एसडीएम कार्यालय चांपा के भू-अर्जन शाखा में पदस्थ अमीन पटवारी बिहारी सिंह और ऑपरेटर राजकुमार देवांगन को एक किसान से 1 लाख 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ग्राम रायपुरा जिला सक्ती निवासी किसान बुधराम धीवर ने 16 अक्टूबर को एसीबी इकाई बिलासपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी और उसकी बहन के नाम की ग्राम कोसमंदा (जिला जांजगीर) स्थित जमीन नेशनल हाइवे निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी।

इसके एवज में अगस्त-2025 में एसडीएम कार्यालय चांपा से भू-अर्जन अधिकारी द्वारा उन्हें 35 लाख 64 हजार 99 रुपये मुआवजा राशि के रूप में उनके संयुक्त बैंक खाते में जमा की गई थी। शिकायत के अनुसार, भुगतान के बाद भू-अर्जन शाखा के अमीन पटवारी बिहारी सिंह और आपरेटर राजकुमार देवांगन ने किसान से कहा कि उन्होंने राशि निकलवाने में मदद की है, इसलिए उन्हें 1 लाख 80 हजार रुपये देना होगा। रिश्वत की मांग से परेशान किसान ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों को रंगेहाथ पकड़वाने की इच्छा जताई।

### आरोपियों को पकड़ने बिछाया जाल

*शिकायत का सत्यापन सही पाए जाने के बाद एसीबी ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। 30 अक्टूबर को प्रार्थी बुधराम को रिश्वत की रकम 1.80 लाख रुपये के साथ भेजा गया। जैसे ही अमीन पटवारी बिहारी सिंह ने रकम अपने हाथों में ली, उसी समय डीएसपी एसीबी बिलासपुर अजितेश सिंह के नेतृत्व में तैनात टीम ने मौके पर दबिश दी और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी बिहारी सिंह से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली है। अचानक हुई इस कार्रवाई से एसडीएम कार्यालय परिसर और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। एसीबी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 और 12 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।*

## कोड़ेंनार थाना क्षेत्र के बास्तानार की घटना

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोड़ेंनार थाना क्षेत्र के बास्तानार में बीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में 3 युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेकाज लाया गया। जहां एक युवक की मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा भी किया। जिसके बाद मौके पर आई पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिनेश दास मानिकपुरी 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड अपने 2 अन्य दोस्त जिसमें संदीप राय व जय कश्यप के साथ बाइक पर सवार होकर सुबह 10 बजे निकला था। रात को परिजनों को सूचना मिली कि दिनेश की बाइक का एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें तीनों घायल हो गए है, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज लाया गया। जहां उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने वार्ड में जमकर हंगामा किया। इस घटना की जानकारी वार्ड के स्टाफ ने अस्पताल चौकी को दिया।

### स्टॉक बढ़ाकर खाद की कालाबाजारी चल रही

**भोपाल।** राजधानी में रबी सीजन के लिए 22 हजार मीट्रिक टन यूरिया, आठ हजार मीट्रिक टन डीएपी और तीन हजार मीट्रिक टन एनपीके खाद की जरूरत होती है। जिसके तहत 90 फीसदी किसानों ने खाद खरीद ली है। बावजूद इसके खाद की कमी बनी हुई है। दरअसल प्राइवेट दुकानदार खाद का स्टॉक बढ़ाकर खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद का कहना है कि जिले के करीब पचास हजार किसानों को बीस हजार मीट्रिक टन यूरिया, छह हजार मीट्रिक टन डीएपी और तीन हजार मीट्रिक टन एनपीके खाद बांटी गई है। सहकारी संस्थाओं, पांच सरकारी काउंटर और प्राइवेट दुकानों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है।

## छात्र ने अपने हॉस्टल के कमरे में लगाई फांसी

# कक्षा छठवीं के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के बारसूर थाना क्षेत्र में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां कक्षा 6 के एक 11 वर्षीय छात्र ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक छात्र सुनील पोड़ियामी, जो कि गाटम, दंतेवाड़ा का रहने वाला था, गुरुवार की सुबह अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाया गया। उसके साथ रहने वाले अन्य छात्रों ने उसे पंखे से लटका हुआ देखा तो तत्काल रस्सी काटकर उसे बचाने का प्रयास किया और बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन ने बताया कि फिलहाल छात्र के पास से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस हॉस्टल के अन्य छात्रों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मृतक छात्र के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है और उनसे भी घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है।

**पुलिस कर रही हर पहलू पर जांचः** इस दुखद घटना के बाद से हॉस्टल में छात्रों के बीच भय और दहशत का माहौल है। सभी छात्र सहमे हुए हैं और इस घटना से आहत हैं। स्कूल प्रशासन ने भी छात्रों को ढांढस बंधाने और किसी भी तरह की परेशानी से निपटने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सुनील पोड़ियामी ने किस अज्ञात कारण से यह खौफनाक कदम उठाया, यह अभी एक पहेली बनी हुई है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

## गोपाष्टमी पर्व पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए

**मां गंगा और गोवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए चुनाव में उतरेगी**

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती लड़ेंगी वर्ष 2029 में लोकसभा चुनाव, कहा- गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने एक बार फिर 2029 के लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही है। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उमा भारती ने दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मां गंगा और गोवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए मैं 2029 में लोकसभा चुनाव लड़ूंगी। गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है।

उन्होंने कहा कि राम का काम अब गो संवर्धन पर केंद्रित है। गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक और पर्यावरणीय शक्ति का आधार है। दरअसल, गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी भोपाल के दशहरा मैदान (अयोध्या बायपास) में बुधवार को गोभक्तों का समागम हुआ। काफी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री साध्वी उमा भारती ने गोपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा में कन्यापूजन और गो स्तुति वाचन भी किया गया।


कार्यक्रम में उमा भारती का सम्मान करते जनप्रतिनिधि।

### गो-पालकों ने लिया संकल्प

उमा भारती की संकल्प सभा में पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, बड़ामलहरा के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, पृथ्वीपुर के पूर्व विधायक डॉ. शिशुपाल यादव, पूर्व विधायक नरेन्द्र बिरथरे शामिल हुए। उमा भारती ने कहा कि जब तक देश में गायों की रक्षा और गंगा का संरक्षण नहीं होगा, तब तक राम का कार्य अधूरा रहेगा। 4 नवंबर से प्रयागराज में गंगा का अभियान चलाया जाएगा। सभा के अंत में गोपालकों ने उमा भारती के नेतृत्व में यह संकल्प लिया कि वे गौवंश संवर्धन को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएंगे।

### लाड़ली बहनों को एक-एक गाय दी जाए

*उमा भारती ने कहा कि गंगा और गो संवर्धन का काम चलता रहेगा और इसमें आम जनता को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि लाड़ली बहनों को एक-एक गाय दी जाए। शहरों में कुत्ता-बिल्ली रखने की इजाजत है, लेकिन गाय रखने की नहीं। उमा भारती ने सरकार को सुझाव दिया कि हाईवे रोड पर फेंसिंग होनी चाहिए और पीछे चारागाह बनाए जाने चाहिए ताकि गायें सड़क पर न आएं। बंजर जमीन पर नए गोचर (चारागाह) भी बनाए जाने चाहिए।*

### शराब दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग

*उमा भारती ने प्रदेश से शराब की दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग की। महिलाओं से काली बनकर दुकानों को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के संयोजक अशोक त्रिपाठी के नेतृत्व में गोवंश आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम डेढ़ वर्ष तक चलते रहेंगे।*

# ट्रंप ने चीन पर टैरिफ 10% घटाया, बदले में सोयाबीन खरीदने को राजी हुए जिनपिंग

एजेंसी ▶▶ सियोल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग छह साल बाद मिले और दोनों की मुलाकात काफी अहम रही। दोनों नेता इससे पहले आखिरी बार 2019 में मिले थे। गुरुवार को उनकी मुलाकात दक्षिण कोरिया के बुसान एयरपोर्ट हुई और दोनों की बैठक 100 मिनट चली। ट्रंप ने चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

- चीन और अमेरिका के बीच बुसान एयरपोर्ट पर हुई ट्रेड डील

ट्रंप की टैरिफ कम करने के बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि कई निर्णय लिए गए और दोनों पक्षों ने व्यापार और सहयोग पर महत्वपूर्ण समझौते किए। उन्होंने शी की एक बहुत शक्तिशाली देश के अद्भुत नेता के रूप में प्रशंसा की।

◆ ट्रंप बोले- जिनपिंग शक्तिशाली देश के नेता और सख्त वार्ताकार


बुसान एयरपोर्ट हुई दोनों नेताओं की बैठक 100 मिनट चली

◆ जिनपिंग बोले- दोनों देश बदले की कार्रवाई से बचें

### चीन पर औसत टैरिफ घटकर 47% हुआ

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को बड़ी घोषणा की और कहा कि चीन से आने वाले सामान पर लगने वाला कुल औसत टैरिफ 57% से घटाकर 47% कर दिया गया है। बता दें चीन पर अमेरिका ने औसतन 55% टैरिफ लगा रखा था, जो अगस्त 2025 में बढ़कर औसतन 57% तक पहुंच गया था। हालांकि अब दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद चीन पर औसतन 47% टैरिफ ही लगेगा। ट्रंप ने कहा कि चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% किया जा रहा है जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा और मुझे विश्वास है कि शी जिनपिंग अमेरिका में फेंटानिल की वजह से हो रही मौतों को रोकने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।*

### बातचीत जारी रखे अमेरिका

*शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत जारी रखनी चाहिए और मिलकर ऐसे कदम उठाने चाहिए जो दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद हों। जिनपिंग ने यह भी कहा कि अगले साल जब चीन एपीईसी बैठक की और अमेरिका जी20 सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब दोनों देशों को एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमेरिका और चीन को आपसी सहयोग से मिलने वाले लंबे समय के लाभों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को बदले की कार्रवाई के दुष्चक्र में फंसने से बचना चाहिए।*

### दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर सहमति

ट्रंप ने शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद कहा, शी जिनपिंग तो बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हमने महत्वपूर्ण दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर एक साल के समझौते पर सहमति जताई है। सभी दुर्लभ मृदा खनिजों का मामला सुलझ गया है, और यह पूरी दुनिया के लिए है। यह समझौता एक साल के लिए है और इस पर हर साल फिर से बातचीत की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा निर्माण के लिए आवश्यक सामग्रियों तक वैश्विक पहुंच को स्थिर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### चीन और एनवीडिया के बीच होगी बात

ट्रंप ने कहा कि उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत के बाद अब चीन और अमेरिकी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के बीच आगे बात होगी। उन्होंने कहा कि हमने चिप्स पर बात की है। अब चीन एनवीडिया और अन्य कंपनियों से चिप्स खरीदने पर बातचीत करेगा।

### किसी देश को चुनौती देने की कोशिश नहीं की: जिनपिंग

*चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन की आर्थिक वृद्धि से चीन और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि हमने कभी किसी देश को चुनौती देने या उसकी जगह लेने की कोशिश नहीं की।*

### ताइवान और टिकटॉक डील पर बात नहीं

*ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक में ताइवान मुद्दे और टिकटॉक डील को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया।*

---

## खबर संक्षेप

### मलेशिया पहुंचे रक्षा मंत्री बैठक में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को मलेशिया पहुंचे। मलेशिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान-प्लस सदस्य देशों के अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे। वे मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।



सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरी आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लेंगे। बैठक 31 अक्टूबर को मलेशिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इसमें आसियान के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्री मौजूद रहेंगे। इसका उद्देश्य भारत और आसियान देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग बढ़ाना है।

### पुणे में डिजिटल अरेस्ट के शिकार बुजुर्ग की मौत


**पुणे।** पुणे के एक 83 वर्षीय बुजुर्ग की मौत डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनने के लगभग एक महीने बाद हो गई।



साइबर पुलिस के अनुसार, पीड़ित रिटायर्ड सरकारी अधिकारी थे, जिनसे धोखेबाजों ने झांसा देकर 1.2 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। यह घटना तब सामने आई जब उनकी पत्नी ने पति की मौत के एक सप्ताह बाद शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में बुजुर्ग को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया।

### आईआईटी ने विकसित की एंड्रोकॉन प्रणाली

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली की रिसर्च से पता चला है कि मोबाइल एप्स की 'प्रिसाइस लोकेशन परमिशन' से यूजर्स की निजी जानकारी उजागर हो सकती है। यह तक पता लगाया जा सकता है कि यूजर मेट्रो में है या हवाई जहाज में है, अकेला है या भीड़भाड़ में है।



आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं ने एंड्रोकॉन नामक एक प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली यह दर्शाती है कि एंड्रॉयड फोन में प्रिसाइज लोकेशन परमिशन पाने वाले एप्स पहले से ही उपलब्ध सूक्ष्म जीपीएस डेटा का उपयोग गुप्त सेंसर की तरह कर सकते हैं।

---

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी

*भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत*

# ईरान के चाबहार पोर्ट पर अमेरिकी प्रतिबंधों में 6 महीने की मिली छूट

*जायसवाल ने कहा कि ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच तनाव कम होता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को बड़ी राहत देते हुए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से 6 महीने की छूट दी है, जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता में दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार (30 अक्तूबर) को बताया कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दे दी है।

यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौता संपन्न करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत जारी हैं और ये चर्चाएं जारी रहेंगी। भारत-अमेरिका के साथ समझौते को पूरा करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) के बयानों को पूरी तरह खारिज करते हैं। ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है। ओआईसी ने कश्मीर को लेकर बयान दिया था। भारत की कुछ कंपनियों को चीन से रेयर अर्थ मिनरल इंपोर्ट करने के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं।

- भारतीय कंपनियों को चीन से मिले दुर्लभ खनिज आयात करने के लाइसेंस
- भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर वार्ता जारी, पूरा होने की उम्मीद


विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### पीएम मोदी ने की जापान की नई पीएम से बात

जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान की नई पीएम सनाए तकाइची से बातचीत की और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, जो हमारे लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी है, यह बहुआयामी है। जहां तक क्वाड का संबंध है, हम इसे चारों साझेदारों के बीच कई क्षेत्रों में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में देखते हैं। किसी भी नेता का शिखर सम्मेलन चारों साझेदारों के बीच राजनयिक परामर्श के माध्यम से निर्धारित होता है।

### तेल प्रतिबंधों का अध्ययन कर रहे

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि जहां तक अमेरिका के द्वारा रूस की कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध की बात है, इससे हम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं।*

### अफगानिस्तान के समर्थन में है भारत

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों पर संप्रभुता के प्रयोग करने से क्रुद्ध है। पाकिस्तान सोचता है कि उसका अधिकार है कि वो सीमा पार आतंकवाद करता रहेगा और दंड मुक्ति के साथ करता रहेगा। जहां तक भारत का सवाल है हम अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### » भारत के पास चाबाहार पोर्ट 10 साल लीज पर


ईरान के चाबहार पोर्ट का विहंगम दृश्य

अमेरिकी सरकार ने भारत को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंधों से छह महीने के लिए रियायत दी है। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि वो 29 सितंबर से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा। हालांकि बाद में इस छूट को बढ़ाकर 27 अक्टूबर कर दिया गया था, जिसकी मियाद 3 दिन पहले खत्म हुई थी। अब इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

### अमेरिका ने भेजे 2790 भारतीय

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक 2790 से अधिक भारतीय नागरिक ऐसे हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे अवैध रूप से वहां रह रहे थे और हमने उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की और वे वापस लौट आए। यह बुधवार तक की स्थिति है। ब्रिटेन की ओर से इस साल लगभग 100 भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि के बाद वापस भेजा गया है।*

---

### भूटान पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण

# आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर होगी द्विपक्षीय चर्चा


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक मामलों के विभाग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। 4 दिवसीय यात्रा के दौरान वे गुरुवार को भूटान पहुंची जहां उन्होंने 1765 में बने ऐतिहासिक संगचेन चोखोर मठ का दौरा किया।

इस मठ में 100 से अधिक भिक्षु रहते हैं जो बौद्ध धर्म की एडवांस्ड पढ़ाई कर रहे हैं। अपनी यात्रा के तहत वे भारत सरकार के सहयोग से चल रहे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का दौरा और उनका निरीक्षण करेंगी।

वित्त मंत्री कुरिछू हाइड्रोपावर प्लांट डैम एंड पावरहाउस, ग्यालसुंग एकेडमी, संगचेन चोखोर मठ और पुनाखा जोंग विजिट करेंगी।

### भूटान नरेश और पीएम से होगी भेंट

वित्त मंत्री भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात करेंगी। वह भारत-भूटान आर्थिक और वित्तीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भूटान के वित्त मंत्री, लेकी दोरजी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक भी शामिल होंगी। वित्त मंत्री कई प्रमुख डेवलपमेंट पहलों पर प्रेजेंटेशन में भी शामिल होंगी। इनमें ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) द्वारा भूटान का एनर्जी सेक्टर, भूटान का 21वीं सदी का इकोनॉमिक रोडमैप, ड्रुक पीएनबी और बैंक ऑफ भूटान द्वारा भूटान में बैंकिंग/ फाइनेंशियल सेक्टर और गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### » सीएसआई मार्केट का करेंगी दौरा

वित्त मंत्री कॉटेज और स्मॉल इंडस्ट्रीज (सीएसआई) मार्केट का भी दौरा करेंगी। सीएसआई मार्केट में वे भारत और भूटान के बीच डिजिटल और फाइनेंशियल कनेक्टिविटी को प्रदर्शित करते हुए देश के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर ट्रांजैक्शन करेंगी। अपनी आधिकारिक यात्रा के आखिरी हिस्से में वे भूटान के दूसरे सबसे पुराने और दूसरे सबसे बड़े जोंग पुनाखा जोंग जाएंगी। इस दौरान वे भूटान के किसानों से बातचीत कर उनके खेती के तरीकों, चुनौतियों और अवसरों को समझने का प्रयास करेंगी।

---

### डीआरडीओ ने की तैयारी

# गगनयान मिशन के लिए विकसित किए विशेष फूड व पैराशूट सिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की तैयारी में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए विशेष भोजन और पैराशूट सिस्टम विकसित किए हैं।

डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार महानिदेशक डॉ. बी.के. दास ने बताया कि संगठन ने इन तकनीकों का सफल परीक्षण भी पूरा कर लिया है। हमने मिशन के लिए विशेष फूड, पैराशूट सिस्टम और अन्य आवश्यक तकनीकें तैयार की हैं, जिन पर अंतरिक्ष यात्री भरोसा कर सकेंगे। डीआरडीओ और इसरो के बीच कई स्तरों पर सहयोग जारी है। संगठन ने ऐसी कई तकनीकें विकसित की हैं जिनका उपयोग सशस्त्र बलों और अंतरिक्ष मिशनों — दोनों में किया जा सकता है।


गगनयान मिशन के लिए तैयार कैप्सूल

### साइप्रस विदेश मंत्री की जयशंकर से मुलाकात

# एफटीए का किया पुरजोर समर्थन, भारत और ईयू के बीच आर्थिक अवसर खुलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। गुरुवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री कोम्बोस से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने एक्स पर बताया कि नई दिल्ली में साइप्रस के विदेश मंत्री का स्वागत कर बेहद खुशी हुई।

हमने भारत-साइप्रस संयुक्त कार्य योजना 2025-2029 की समीक्षा की, जिस पर जून 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी की साइप्रस यात्रा के दौरान नेताओं ने सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि हमारी चर्चाओं में वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, हमारे संबंधित क्षेत्रों में विकास और बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी चर्चा हुई। 2026 में साइप्रस के यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने के साथ, हमें विश्वास है कि भारत-यूरोपीय संघ के संबंध और भी मजबूत होंगे।


साइप्रस के विदेश मंत्री कोम्बोस

# उपराष्ट्रपति ने थेवर जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के पासुम्पोन गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक अइया पसुम्पोन थिरु मुथुरामलिंगा थेवर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पासुम्पोन थिरू मुथुरामलिंगा थेवर ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने राष्ट्रवाद और अध्यात्म को अपने जीवन का आधार बनाया। वे एक सच्चे देशभक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, निर्भीक योद्धा और गहन विचारक थे। उन्होंने न केवल राजनीति में नैतिकता और सत्यनिष्ठा को अपनाया बल्कि अपने जीवन में त्याग, सादगी और धार्मिक सद्भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। वे एक ऐसे संतपुरुष थे, जिन्होंने आध्यात्मिकता को राजनीति के साथ जोड़ा। वे हमेशा सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द के प्रतीक रहे। उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था।

---

### भविष्य के युद्ध में भारत को हासिल होगी महारत

# दुश्मन पर कहर बरपाएंगे स्वदेशी स्वार्म ड्रोन, झुंड में 1100 किमी तक करेंगे वार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झुंड में उड़ान भरने वाले ऐसे दर्जनों ड्रोन के बारे में सोचिए जो एक समन्वित हमले में दुश्मन वायुसेना के अड्डे में घुसकर उसके कमांड सेंटर, रनवे या फ्यूल डिपो में तबाही मचा दें। देश में ऐसी ही शक्तिशाली ड्रोन प्रणाली पर काम शुरू हो रहा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए कोलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सेचुरेशन-डिस्ट्रक्शन सिस्टम (सीएलआरटीएस/डीएस) की खरीद की अनुमति दी है। अब देश में ही 1,100 किलोमीटर दूर तक वार करने वाले स्वार्म ड्रोन बनाए जाएंगे।

### 80% ड्रोन विस्फोटक वॉरहेड से लैस होंगे


स्वार्म ड्रोन की खरीदी को दी गई है मंजूरी

*न्यूनतम मानवीय दखल और एआई आधारित एल्गोरिदम से संचालित यह प्रणाली जटिल मिशनों को आसानी से अंजाम देगी। इस प्रणाली में लगभग 80 प्रतिशत ड्रोन विस्फोटक वॉरहेड से लैस होंगे, जबकि 20 प्रतिशत का कार्य इंटेलिजेंस और निर्णय लेने का होगा।*

### मिसाइल दागने से सस्ता विकल्प

*सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के डीजी एयर मार्शल अनिल चोपड़ा ने कहा कि सीएलआरटीएस /डीएस प्रणाली एक बड़ा कदम है। रक्षा में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। विदेश से कोई हथियार प्रणाली खरीदना आसान नहीं है, इसके लिए मोटी कीमत चुकानी पड़ती है।*

### 'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' की रिपोर्ट

71 शैक्षणिक संस्थानों और यूएन के 128 विशेषज्ञों ने तैयार की रिपोर्ट

# प्रदूषण के कारण 2022 में भारत में 17 लाख से ज्यादा मौतें हुईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 की रिपोर्ट' के अनुसार, मानव-जनित पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इतना ही नहीं जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कई स्रोत हैं और इसका स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है।

### कोयला और तरल गैस से 7.52 लाख लोगों की हुई मौत


दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम शहर में प्रदूषण

### जंगल की आग से भी प्रदूषण को बड़ा खतरा

साल 2020 से 2024 के दौरान भारत में हर साल औसतन 10,200 मौतें जंगल की आग से होने वाले प्रदूषण (पीएम 2.5) के कारण हो सकती हैं, ये साल 2003-2012 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के 128 विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ये रिपोर्ट तैयार की है। पेट्रोल के उपयोग से होने वाले प्रदूषण ने 2.69 लाख लोगों की जान ले ली। रप्रदूषणकारी ईंधन के उपयोग के कारण होने वाले घरेलू वायु प्रदूषण से प्रति एक लाख जनसंख्या पर अनुमानित 113 मौतें हुईं और शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु दर अधिक देखी गई।



## खबर संक्षेप

### सिप्ला के शुद्ध लाभ में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि




**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3.7 प्रतिशत बढ़कर 1,353.37 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 1,305.01 करोड़ रुपये रहा था। आय 7,589.44 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,051.02 करोड़ रुपये थी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी वृद्धि के चरण में



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी अभी वृद्धि एवं निवेश के चरण में है और अब भी नेटवर्क में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक लाभदायक व्यवसाय बनने जा रहा है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी घाटे में चल रही है।

### हुंडई मोटर के लाभ में 14.3 फीसदी की बढ़त



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 1,572.26 करोड़ रुपये हो गया। वाहन विनिर्माता कंपनी का पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 1,375.47 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 17,460.82 करोड़ रुपये रही ।

### अदाणी पावर के लाभ में 12 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार से जुड़ी कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,906 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

# चिप बनाने वाली कंपनी 'एनवीडिया' ने रचा इतिहास, 5 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एनवीडिया ने तीन माह पहले ही 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था

अमेरिका स्थित बड़ी टेक चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया कॉर्प के शेयरों में वॉल स्ट्रीट में 5 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ कंपनी का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 420 लाख करोड़ रुपए) को पार कर गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की जबरदस्त उछाल के बीच अमेरिकी चिप निर्माता एनवीडिया ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। महज तीन महीने पहले ही एनवीडिया ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था। इस उपलब्धि के साथ कंपनी अब दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से लिस्टेड कंपनी बन गई है।

## कंपनी एनवीडिया कॉर्प का पूंजीकरण 420 लाख करोड़ रुपए हुआ

### 500 अरब डॉलर के नए चिप ऑर्डर

कंपनी के सीईओ जेनसन हुआंग ने मंगलवार को खुलासा किया कि एनवीडिया को हाल ही में 500 अरब डॉलर (42 लाख करोड़ रुपए) के नए चिप ऑर्डर मिले हैं। इसके साथ ही कंपनी ने कई बड़े साझेदारी सौदे भी घोषित किए। जैसे- उबर के साथ मिलकर रोबोटैक्सी प्रोजेक्ट पर काम करेगी। नोकिया में 1 अरब डॉलर का निवेश, ताकि दोनों मिलकर 6G तकनीक पर काम कर सकें। इसके अलावा, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के साथ साझेदारी कर 7 नए एआई सुपरकंप्यूटर बनाए जाएंगे।




*भारत, जापान और ब्रिटेन के जीडीपी से भी ज्यादा मूल्य : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मार्केट वैल्यू भारत, जापान और यूनाइटेड किंगडम के जीडीपी से भी अधिक हो गया है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि कैसे एआई अब केवल तकनीकी नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति का केंद्र बनता जा रहा है।*

### शेयरों में जबरदस्त तेजी

बुधवार को एनवीडिया के शेयर शुरुआती कारोबार में 207.86 डॉलर तक पहुंच गए। कंपनी के 24.3 अरब शेयरों के आधार पर इसका बाजार पूंजीकरण 5.05 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया। साल 2023 की शुरुआत से ही एनवीडिया के शेयरों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया है। इसका सबसे बड़ा कारण एआई चिप्स की वैश्विक मांग में विस्फोटक बढ़ोतरी है।

### एआई क्रांति का अगुवा बना एनवीडिया

एनवीडिया की यह छलांग उस एआई क्रांति को दर्शाती है जिसने दुनिया की तकनीकी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेषज्ञ इसे आईफोन क्रांति के बाद का सबसे बड़ा तकनीकी बदलाव मान रहे हैं। जैसे एप्पल ने आईफोन लांच के बाद 1, 2 और 3 ट्रिलियन डॉलर का मूल्य हासिल किया था, वैसे ही एनवीडिया अब एआई युग की नई एप्पल बनती दिख रही है।

# विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में खासी गिरावट



- सेंसेक्स 593 और निफ्टी 176 अंक लुढ़का
- फेड के ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से बाजार में रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

विदेशी कोषों की ताजा बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 593 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 176 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 592.67 अंक यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर 84,404.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 684.48 अंक गिरकर 84,312.65 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 176.05 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 25,877.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और मारुति के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,540.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,692.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

*चीन व हांगकांग के बाजार में रही गिरावट : एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।*

## भेल का शुद्ध मुनाफा दूसरी तिमाही में तीन गुना बढ़ा...





**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने कहा कि मुख्य रूप से उच्च राजस्व के कारण सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में तीन गुना से अधिक होकर 374.89 करोड़ रुपये हो गया। भेल ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी को 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 106.15 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा हुआ था। तिमाही में कंपनी की कुल आय एक साल पहले की समान अवधि के 6,695.37 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 7,686.41 करोड़ रुपये हो गई।

# केनरा बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही मुनाफा 19 फीसदी बढ़ा

- शुद्ध लाभ बढ़कर 4774 करोड़ रुपए हो गया
- पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 4,015 करोड़ रुपए रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 4,774 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 4,015 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 34,721 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,598 करोड़ रुपये हो गई। ब्याज आय सालाना आधार पर 29,740 करोड़ रुपये से बढ़कर 31,544 करोड़ रुपये हो गई। जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय घटकर 9,141 करोड़ रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले यह 9,315 करोड़ रुपये थी। परिचालन आय भी बढ़कर 8,588 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,654 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के संदर्भ में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सितंबर, 2025 के अंत में सकल अग्रिम के 2.35 प्रतिशत तक कम हो गईं, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि तक यह 3.73 प्रतिशत थीं।

# अनिल अंबानी की कंपनियों से यस बैंक को 2700 करोड़ रु का हुआ नुकसान

- बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर के एकतरफा फैसले से बैंक को हुआ नुकसान

एजेंसी ⏭ मुंबई




यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर द्वारा अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली वित्तीय कंपनियों में निवेश करने के 'एकतरफा फैसले'' के कारण बैंक को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

यस बैंक और अनिल अंबानी की कंपनियों के बीच कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन से संबंधित एक मामले में सीबीआई के आरोपपत्र में यह बात कही गई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले महीने अनिल अंबानी, राणा कपूर और उनके परिवार के सदस्यों सहित 13 लोगों और संस्थाओं के खिलाफ ऋण और निवेश से संबंधित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र दायर किया था। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि मामले में अनिल अंबानी के बेटे और रिलायंस कैपिटल के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक अनमोल अंबानी की भूमिका के संबंध में आगे की जांच जारी है।

### *अनिल अंबानी के पुत्र की भूमिका की जांच*

*सीबीआई ने कहा कि वह मॉर्गन क्रेडिट्स के एनसीडी में निवेश और रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड के एटी-1 बॉन्ड में निवेश को लेकर अनिल अंबानी के पुत्र की भूमिका की जांच कर रही है।*

# कोयला एक्सचेंज को नवंबर अंत तक मिल जाएगा अंतिम रूप

एजेंसी ⏭ कोलकाता



- कोयला सचिव दत्त एशिया माइनिंग कांग्रेस में बोल रहे थे
- मसौदा नियमों को नवंबर अंत तक मिलेगा अंतिम रूप

कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रस्तावित कोयला एक्सचेंज के मसौदा नियमों को नवंबर के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। दत्त ने यहां 'एशिया माइनिंग कांग्रेस' के अवसर पर कहा, /"कोयला एक्सचेंज से संबंधित नियमों का मसौदा सार्वजनिक क्षेत्र में है। इस पर आए सुझावों का हम अध्ययन कर रहे हैं। नवंबर के अंत तक नियमों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।/" कोयला एक्सचेंज के गठन का उद्देश्य घरेलू कोयला व्यापार में पारदर्शिता, दक्षता और बाजार-संचालित व्यवस्था को लाना है। मसौदा नियमों के अनुसार, देश में स्थापित किए जाने वाले कोयला एक्सचेंज को पंजीकृत और नियंत्रित करने के लिए कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) की नियुक्ति की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने अक्टूबर के मध्य तक इसके बारे में हितधारकों से टिप्पणियां मांगी थी। कोयला सचिव ने कहा कि भारत का कोयला उत्पादन मजबूत बना हुआ है और देश ने पिछली वित्त वर्ष में पहली बार उत्पादन और आपूर्ति दोनों में एक अरब टन का आंकड़ा पार किया है।साल की पहली छमाही में मांग थोड़ी कम रहीदत्त ने कहा, /"साल की पहली छमाही में मांग थोड़ी कम रही क्योंकि घरेलू बिजली उत्पादन चार प्रतिशत से अधिक घट गया।

## टाटा मोटर्स ने थिंक गैस के साथ साझेदारी की




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने भारत में लंबी दूरी एवं भारी सामान ढोने वाले ट्रकों के लिए तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) भरने की व्यवस्था को मजबूत करने के वास्ते शहरी गैस वितरण कंपनी थिंक गैस के साथ साझेदारी की है। दोनों साझेदारों ने इस उद्देश्य के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख (ट्रक) राजेश कौल ने कहा कि भारत टिकाऊ एवं कुशल माल ढुलाई की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में एलएनजी लंबी दूरी और भारी सामान ढोने वाले ट्रकों के लिए एक आकर्षक समाधान प्रस्तुत करता है। कौल ने कहा, ''थिंक गैस के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य परिवेश को मजबूत करना, ईंधन भरने के बुनियादी ढांचे तक विश्वसनीय पहुंच सुनिश्चित करना और बेड़े के संचालकों को विश्वास के साथ एलएनजी अपनाने में सक्षम बनाना है।''

## कॉग्निजेंट भारतीय बाजार में संभावना तलाश रही




**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कॉग्निजेंट भारतीय बाजार में उतरने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। नैस्डेक सूचीबद्ध कंपनी कॉग्निजेंट के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जतिन दलाल ने कहा, '' कॉग्निजेंट का निदेशक मंडल एवं प्रबंधन दल नियमित रूप से शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के अवसरों का आकलन करता है। इस उद्देश्य से, हम अपने कानूनी एवं वित्तीय सलाहकारों के साथ भारत में एक संभावित आरंभिक पेशकश पर विचार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' इस व्यापक समीक्षा के तहत हम इस तरह की संभावित पेशकश और बाजार में सूचीबद्धता के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए भारत एवं अमेरिका दोनों के विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत कर रहे हैं।''

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### बिलियनब्रेन्स का आईपीओ चार नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार से जुड़े ऑनलाइन मंच ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 95-100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने 61,700 करोड़ रुपये (करीब सात अरब डॉलर) से अधिक के मूल्यांकन का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि उसका 6,632 करोड़ रुपये का आईपीओ सार्वजनिक अभिदान के लिए चार नवंबर को खुलेगा और सात नवंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक तीन नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में 55.72 करोड़ रुपये शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) घटक के साथ 1,060 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर का संयोजन है। कंपनी का शेयर 12 नवंबर को बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है।

## घरेलू यात्री वाहन खंड में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य

# मारुति सुजुकी पांच साल में आठ एसयूवी करेगी पेश

एजेंसी ⏭ टोक्यो

- अप्रैल-सितंबर में घरेलू यात्री वाहन में हिस्सेदारी घटकर 39 प्रतिशत रह गई

मारुति सुजुकी अगले पांच साल में आठ एसयूवी पेश करेगी, जिससे उसके कुल मॉडल की संख्या 28 हो जाएगी। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी घरेलू यात्री वाहन खंड में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

सुजुकी ने 'जापान मोबिलिटी शो'' के दौरान यहां आए भारतीय पत्रकारों से बातचीत में भारतीय कार बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को स्वीकार किया और कहा कि 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना मारुति सुजुकी के लिए कठिन लक्ष्य होगा।

### मारुति सभी प्रकार की कारें पेश करेगी

सुजुकी ने बताया कि भारत जैसे बड़े देश में ग्राहकों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और सीएनजी मॉडल सहित सभी प्रकार की कारें पेश करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी गुजरात में नौ बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की योजना के साथ बायोगैस से चलने वाले वाहनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है



### *उत्पाद श्रृंखला 28 मॉडल तक पहुंचाएगी*

*चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में घरेलू यात्री वाहन बाजार में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गई है। हमारी कुल उत्पाद श्रृंखला 28 मॉडल तक पहुंच जाएगी।''*


### कंपनी निर्यात बढ़ाने पर देगी ध्यान

सुजुकी ने भारत के लिए अपनी रणनीति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के साथ ही निर्यात बढ़ाने पर भी ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एमएसआई संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 40 लाख इकाई प्रति वर्ष की जाएगी।

### *मारुति भारत में 18 मॉडल बेच रही*

*सुजुकी ने कहा कि कंपनी 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने और इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण तथा निर्यात में भी अव्वल बनने के लिए प्रतिबद्ध है। मारुति सुजुकी इस समय घरेलू बाजार में 18 मॉडल बेच रही है और उसकी बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2018-19 के 51.2 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 38.8 प्रतिशत रह गई है।*

## शब्द पहेली - 6033



**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -6032 का हल



## सूडोकु नवताल - 6043

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप




### कनाडा ओपन के अंतिम चार में हारी अनाहत

**टोरंटो।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह के कनाडा ओपन में शानदार अभियान पर विराम लग गया जब वह सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जिना कैनेडी से सीधे गेम में हार गई। सत्रह वर्ष की अनाहत को दुनिया की दसवें नंबर की खिलाड़ी कैनेडी ने 96250 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए सिल्वर टूर्नामेंट में 11 .5, 11 . 8, 12 . 10 से हराया। अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी और गत चैम्पियन बेल्जियम की टिन्ने गिलिस को मात दी थी।

### एयर बैडमिंटन विश्व कप शारजाह में 11 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप के पहले टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में 11 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा जिसमें 12 देशों की टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अजरबेजान, हांगकांग,



ब्राजील, इंडोनेशिया, बुल्गारिया, नाइजीरिया, चीन, यूएई, मिस्र और वेनेजुएल ने कड़ी क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने विज्ञप्ति में कहा, ''तीन स्पर्धाओं- पुरुष ट्रिपल, महिला ट्रिपल और टीम रिले- में अधिकतम 96 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।''विज्ञप्ति के अनुसार, ''पुरुष एकल के पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी वोंग विंग की विन्सेंट हांगकांग चीन की रिले टीम का हिस्सा होंगे।''एयर बैडमिंटन इस खेल का नया आउटडोर प्रारूप है जिसमें बैडमिंटन की वैश्विक पहुंच को बढ़ाने की बहुत ज़्यादा क्षमता है।

### पीकेएल के फाइनल में होगी दिल्ली और पुणेरी पल्टन




**नई दिल्ली।** दबंग दिल्ली और पुणेरी पल्टन प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के फाइनल में शुक्रवार को खिताब के लिये त्यागराज इंडोर स्टेडियम में आमने सामने होंगे। दोनों टीमें लीग चरण के बाद शीर्ष दो स्थानों पर रहकर फाइनल में पहुंची है।आठवें सत्र की चैम्पियन दबंग दिल्ली ने पहले क्वालीफायर में टाइब्रेकर में पुणेरी पल्टन को 6 . 4 से हराया था। कप्तान अंशु मलिक और कोच तथा पूर्व कप्तान जोगिंदर नरवाल की दिल्ली टीम ने पूरे सत्र में निर्णायक क्षणों में जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर पुणेरी पल्टन ने दूसरे क्वालीफायर में तेलुगू टाइटंस को हराकर चार सत्रों में तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई ।कोच अजय ठाकुर और कप्तान असलम ईनामदार की पुणेरी टीम लीग तालिका में शीर्ष पर रही थी।

### रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैः कोटियन

**बेंगलुरु।** भारत ए के तनुश कोटियान ने कहा कि मुंबई के अनुभवी बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य रहाणे को नेट्स पर गेंदबाजी करने से उनके



ऑफ-स्पिन कौशल को निखारने में मदद मिली। रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोटियान ने चार विकेट लिए जिससे भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले चार दिवसीय मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ए का स्कोर नौ विकेट पर 299 रन कर दिया। कोटियान ने दिन के खेल के बाद कहा, ''मुंबई रणजी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए खेल चुके हैं और वे स्पिन के खिलाफ किसी भी टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

---

भारत का युवा एशियाई खेल में प्रभावशाली प्रदर्शन

# भारत को मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

एजेंसी ▶▶| बहरीन

भारत ने एशियाई युवा खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के अलावा 'बीच कुश्ती' में भी तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने स्वर्ण पदक जीते जबकि लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस तरह भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता। अहाना (50 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा जीत हासिल की जब पहले राउंड में ही दक्षिण कोरिया की मा



जोंग हयांग के खिलाफ रैफरी को मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद चंद्रिका (54 किग्रा) ने उज्बकिस्तान की मुहम्मदोवा कुमरिनिसो को 5-0 से हराकर भारत की स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। पदक की गिनती और भी बढ़ सकती है क्योंकि हरनूर कौर (66 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) शाम के सत्र में अपने-अपने वर्ग में फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें भारत की नजरें स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड बनाने पर है।

लड़कों के फाइनल में लैंचेनबा (50 किग्रा) को कजाखस्तान के नूरमाखान झुमगली के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 'बीच कुश्ती' में सानी सुभाष फुलमाली और अंजलि ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के 60 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि अर्जुन रुहिल भी लड़कों के 90 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### सुजॉय व रविंदर ने हारे फाइनल मुकाबले

सुजॉय नागनाथ तनपुरे (70 किग्रा) और रविंदर (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हारने के बाद रजत पदक मिला। सानी सुभाष ने फाइनल में ईरान के अमीराली डोमिरकोलाई को 2-0 से हराया जबकि अंजलि ने वियतनाम की बुई एमगोक थाओ थॉम को 2-1 से शिकस्त दी।

**अर्जुन ने 90 किलो में ईरान के फोतउही को हराया:** अर्जुन ने 90 किग्रा वर्ग में ईरान के मोहम्मदमहदी फोतोउही को हराया। सुजॉय ईरान के सिना शोकोउही से 1-2 से हार गए जबकि रविंदर को भी ईरान के ही तौराज खोडेई के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

---

मेलबर्न के एमसीजी मैदान पर दूसरा टी20 मैच आज

# सूर्यकुमार के फॉर्म में लौटने के बाद दूसरे मैच में भारत के हौसले बुलंद

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

## अभिषेक, तिलक और शिवम बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ेंगे कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला कुछ समय से खामोश चल रहा था

कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक एमसीजी मैदान पर होने वाले दूसरे टी20 मैच के लिये यहां बुलंद हौसलों के साथ पहुंच गई है। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक खेल से टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहना चिंता का सबब बना हुआ था। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में हालांकि सूर्यकुमार ने 24 गेंद में 39 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने जोश हेजलवुड को 125 मीटर ऊंचा छक्का लगाया जो लंबे समय तक याद रहेगा। भारतीय टीम लय बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी। बारिश के कारण हालांकि कैनबरा में दूसरा मैच धुल गया जब भारत ने 9 . 4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाये थे। सूर्यकुमार और शुभमन गिल दोनों आस्ट्रेलियाई आक्रमण की बखिया उधेड़ने को तत्पर लग रहे थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है हालांकि भारतीय टीम अपनी लय बनाये रखने की पूरी कोशिश करेगी। दूसरे मैच से पहले भारत के लिये अच्छी बात सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना है।




### हेजलवुड पर होगा गेंदबाजी का जिम्मा

आस्ट्रेलियाई टीम भी काफी आक्रामक क्रिकेट खेलती है। हेड, मार्श, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और जोश इगलिस बड़े स्कोर बनाने का माद्दा रखते हैं। मिचेल स्टार्क के टी20 से संन्यास और पैट कमिंस के चोटिल होने से गेंदबाजी में अनुभव कम लग रहा है। ऐसे में हेजलवुड पर आक्रमण की जिम्मेदारी होगी जिसमें जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुन्हेमन और नाथन एलिस उनका साथ देंगे।




### भारत को 250,260 से अधिक स्कोर बनाना होगा

विश्व कप से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम से बेखौफ खेल की उम्मीद करते हैं और उसके लिये सूर्यकुमार का फॉर्म अहम होगा। गंभीर चाहते हैं कि उनकी टीम नियमित तौर पर 250, 260 और उससे अधिक स्कोर बनाये। हाल ही में भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से जाहिर है कि बल्लेबाज गंभीर का फलसफा बखूबी समझ गए हैं।

### भारत की नजरें विश्वकप खिताब बरकरार रखने पर

भारत की नजरें श्रीलंका के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारत ने पिछली बार रोहित शर्मा की कप्तानी में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप जीता था। भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन जसप्रीत बुमराह, वरूण चक्रवतर्ह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी में भारत का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। उन्हें हालांकि मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा जो अतीत में उनके लिये परेशानी का सबब बन चुके हैं।

---

महिला वनडे विश्व कप

# फोबे का शतक भी काम नहीं आया आस्ट्रेलिया के




**मुंबई।** जेमिमा रोड्रिग्स ने गुरुवार (30 अक्टूबर) को नवी मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर को पार करते हुए भारत को सेमीफाइनल में ऐतिहासिक जीत दिलाई। फ़ोबे लिचफ़ील्ड के 119, एलिस पेरी के 77 और एश्ले गार्डनर के 63 रनों की तेज़ पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया 338 रन तक पहुँचा। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए, लेकिन रोड्रिग्स (127*) और हरमनप्रीत कौर (89) ने तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की शानदार साझेदारी की। मध्यक्रम की बल्लेबाज़ों ने भी अहम योगदान दिया और मेज़बान टीम ने 48.3 ओवर में 5 विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली। अब उसका सामना रविवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा। इससे पहले, सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड (119 रन) के शतक तथा एलिस पैरी (77 रन) और एश्ले गार्डनर (63 रन) के अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत को जीत के लिए 339 रन का लक्ष्य दिया। अगर बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (49 रन देकर दो विकेट) ने 3-0-9-2 के तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी नहीं की होती तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे भी विशाल स्कोर तक पहुंच गई होती। श्री चरणी ने बेथ मूनी (24) और फॉर्म में चल रही एनाबेल सदरलैंड (03) को आउट किया।

### लिचफील्ड ने मात्र 77 गेंद में जड़ा शतक

शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 77 गेंद में तीसरा वनडे शतक जड़ दिया जिससे ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़े स्कोर की नींव पड़ी। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अभी तक टूर्नामेंट में केवल एक अर्धशतक ही लगा सकी थी। लेकिन उनकी बल्लेबाजी को देखकर ऐसा लगा जैसे वह शानदार फॉर्म में हों। लिचफील्ड और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 133 गेंद में 155 रन की साझेदारी निभाई। पारी की शुरूआत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे ओवर में एलिसा हीली का कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया। हालांकि अंतिम एकादश में वापसी करने वाली ऑस्ट्रेलियाई कप्तान छठे ओवर में सस्ते में आउट हो गईं।

---

मैच के दौरान हुए थे घायल

# श्रेयस ने कहा -प्रतिदिन हो रहा है स्वास्थ्य में सुधार



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं और चोट से उबरने की राह पर हैं। श्रेयस को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान एलेक्स कैरी का कैच लपकते समय तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) के साथ पसली में चोट लगी थी।

उन्होंने चोट लगने के बाद पहली बार एक्स और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट में लिखा ,'' मैं रिकवरी की राह पर हूं और प्रतिदिन स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है।'' उन्होंने लिखा ,'' इतनी शुभकामनाओं और समर्थन से मैं अभिभूत हूं। मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद।''श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।

### पीसीबी ने 157 खिलाड़ियों से किए घरेलू करार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को 2025 . 26 सत्र के लिये घरेलू क्रिकेटरों से करार की संख्या बढाकर 131 से 157 कर दी। पीसीबी ने चार वर्गों में करार किये हैं। बोर्ड ने 30 खिलाड़ियों को ए श्रेणी करार, 55 को बी श्रेणी, 51 को सी श्रेणी और 21 को डी श्रेणी के करार दिये हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा ,'' ये करार पिछले साल के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दिये गए हैं।'' अधिकारी ने नये करार की रकम नहीं बताई लेकिन पिछले सत्र में पीसीबी ने ए श्रेणी के लिये 550000 पाकिस्तानी रूपये, बी के लिये चार लाख और सी के लिये ढाई लाख तय किये थे। इसके साथ ही अनुबंधित खिलाड़ियों को चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिये दो लाख पाकिस्तानी रूपये , लिस्ट ए मैच के लिये सवा लाख और टी20 मैच के लिये एक लाख पाकिस्तानी रूपये मैच फीस भी दी जा रही थी।

---

# अभिषेक नायर बने नाइट राइडर्स के मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बृहस्पतिवार को भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया।



इस तरह वह आईपीएल फ्रेंचाइजी में चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे जिन्होंने तीन सत्र तक यह जिम्मेदारी संभाली थी। नायर 2018 से केकेआर से जुड़े हुए हैं और उनके टीम प्रबंधन के अहम सदस्यों में से एक हैं। टीम चयन के मामले में ड्रेसिंग रूम में उनका काफी दबदबा रहा है। लगभग नौ महीने तक नायर भारतीय टीम में गौतम गंभीर के कोचिंग दल का हिस्सा थे लेकिन भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन्हें बिना किसी औपचारिकता के बर्खास्त कर दिया गया और सितांशु कोटक को उनकी जगह दी गई। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा, ''अभिषेक 2018 से नाइट राइडर्स टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर हमारे खिलाड़ियों को तराशा है। खेल के प्रति उनकी समझ और खिलाड़ियों के साथ जुड़ाव हमारी प्रगति में अहम रहा है। हम उन्हें मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालते हुए देखकर काफी उत्साहित हैं।''

---

# आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर की अभ्यास के दौरान गले पर गेंद लगने से मौत

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन की यहां अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई जिससे 2014 में फिल ह्यूज की मौत की दुखद यादें ताजा हो गई। आस्टिन को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। बेन फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

**खेल में फिर सुरक्षा उपकरणों की मांग जोर पकड़ने लगी :** फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार



को उनकी मौत की पुष्टि की। क्लब ने कहा ,'' हम बेन की मौत से बहुत दुखी हैं। उसके परिवार, दोस्तों और जानने वालों के प्रति हमारी संवेदनायें।''अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन 'नेकगार्ड' नहीं। इस हादसे के बाद एक बार फिर हर स्तर पर खेल में सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की मांग जोर पकड़ने लगी है।

**बेन के निधन से परिवार दुखी :** इससे पहले क्रिकेट विक्टोरिया ने बेन के पिता जेस आस्टिन के हवाले से परिवार की ओर से एक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया ,'' हम अपने चहेते बेन के निधन से बेहद दुखी हैं। ट्रेसी और मेरे लिये बेन लाड़ला बेटा था और कूपर तथा जाश का चहेता भाई था।

**हादसे ने उसे हमसे छीन लिया :** वह हमारे परिवार और दोस्तों के जीवन का उजाला था। इस हादसे ने उसे हमने छीन लिया। उसे क्रिकेट से प्यार था और यह खेल उसके जीवन की खुशी था। इसमें यह भी कहा गया , हम उस गेंदबाज के भी साथ खड़े हैं जो उस समय नेट्स पर गेंदबाजी कर रहा था।

---

आईटीआईए ने मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए किया निलंबित

# डोप टेस्ट में फेल हुए टेनिस खिलाड़ी दलविंदर निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने 2017 के राष्ट्रीय चैंपियन दलविंदर सिंह को प्रतिबंधित पदार्थ मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। अप्रैल 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ 791वीं एकल विश्व रैंकिंग हासिल करने वाले दलविंदर मार्च 2025 में मॉरफिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। वह उस समय चंडीगढ़ में आईटीएफ विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे।



### खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी

आईटीआईए ने विज्ञप्ति ने कहा, ''निलंबन के दौरान दिलविंदर को आईटीआईए (एटीपी, आईटीएफ, डब्ल्यूटीए, टेनिस ऑस्ट्रेलिया, फेडरेशन फ्रांसेइस डि टेनिस, विंबलडन और यूएसटीए) या किसी राष्ट्रीय संघ के सदस्यों द्वारा अधिकृत या मंजूर किसी भी टेनिस प्रतियोगिता में खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी।''

### मॉरफिन नियम एस सात के तहत प्रतिबंधित

टीएडीपी के तहत मॉरफिन नारकोटिक्स (2025 विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी प्रतिबंधित सूची के नियम एस सात) के वर्ग में प्रतिबंधित है। आईटीआईए से बातचीत के बाद दलविंदर ने एडीआरवी के सामने माना कि उन्हें लगता है कि मॉरफिन का स्रोत दर्द कम करने वाली दवा थी जो उन्होंने पॉजिटिव परीक्षण वाले दिन ली थी। खिलाड़ी के स्पष्टीकरण के मुताबिक दवा लगभग 12 महीने पहले कलाई की सर्जरी के बाद दी गई थी। हालांकि दलविंदर अपनी बात के समर्थन में और अधिक जानकारी नहीं दे पाए जिसमें कोई पैकेजिंग, रसीदें, प्रिस्क्रिप्शन या ली गई दबाव का नाम शामिल था।

### आईटीआईए के पास साबित करने जरूरी सबूत नहीं था

आईटीआईए के पास यह साबित करने के लिए जरूरी सबूत नहीं था कि दलविंदर ने जानबूझकर टीएडीपी का उल्लंघन किया था। खिलाड़ी पॉजिटिव परीक्षण का स्रोत साबित नहीं कर सका।

**दो साल का निलंबन प्रस्ताव दिया गया था**
नियमों के मुताबिक खिलाड़ी को दो साल के निलंबन का प्रस्ताव दिया गया था जिसे मान लिया गया और यह 22 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया। अयोग्यता का समय 21 अक्टूबर 2027 को खत्म होगा। जिस प्रतियोगिता में दलविंदर का परीक्षण पॉजिटिव आया उसके नतीजे, इनाम की रकम और रैंकिंग अंक भी जब्त कर लिए गए। आईटीआईए एक स्वतंत्र संस्था है।




### राज्य सरकार का जवाब, हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड पर लिया

# नेटवर्क की समस्या नहीं, अधिकतर शिक्षक लगा रहे ई-अटेंडेंस

**जबलपुर। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्यता के मामले में गुरूवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ शिक्षकों ने इसमें आने वाली समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं व सरकार को रिकॉर्ड सहित जवाब पेश करने कहा था।**

याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि ई-अटेंडेंस दर्ज कराने में कई बार नेटवर्क सहित अन्य समस्याएं आती हैं। वहीं शासन की ओर से तर्क दिया गया कि नेटवर्क की समस्या नहीं है क्योंकि उसी स्कूल में अधिकतर शिक्षक अटेंडेंस लगा रहे हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने दोनों के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले पर अगली सुनवाई 7 नवंबर को नियत की है।

जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी

समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षकों के पास अच्छा स्मार्टफोन नहीं है। प्रतिमाह डाटा पैक खरीदना, प्रतिदिन मोबाइल की बैटरी चार्ज रखना, स्कूल में



नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होने की भी समस्याएं हैं। एप को सर्वर की समस्या व चेहरा मिलान की भी समस्याएं हैं। मांग की गई कि या तो बायोमेट्रिक मशीन से या पूर्व की भांति कर्मचारी रजिस्टर में उपस्थित दर्ज कराई जाए।

## सार्वजनिक रोड पर अतिक्रमण क्यों

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बरगी क्षेत्र की सार्वजनिक रोड पर अतिक्रमण को चुनौती पर राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, जबलपुर कलेक्टर, एसडीओ, तहसीलदार जबलपुर व नायब तहसीलदार बरगी सहित पप्पू जैन को नोटिस जारी किए हैं। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। जनहित याचिकाकर्ता बरगी निवासी छात्र श्रेयांश विश्वकर्मा व टेक सिंह पटेल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बरगी के खसरा नंबर-542/1 में सार्वजनिक रोड है। जिस पर अनावेदक पप्पू जैन ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## चंडी मेला घूमने गए युवक के साथ मारपीट

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत महगवां टगर की चंडी मेला में धक्का क्यों मारा पूछने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी।

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महगवां टगर निवासी 40 वर्षीय गुरुदयाल बैरागी गत रात लगभग 9 बजे महगवां टगर की चंडी मेला में अपने परिवार के साथ घूम रहा था इसी दौरान अर्जुन यादव ने उसे धक्का मार दिया, धक्का क्यों मारा पूछा तो, इसी बात पर अर्जुन यादव गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर अर्जुन यादव, दीपू बर्मन और साहिल बर्मन तीनों ने उसके साथ मारपीट कर उसे मुंह व नाक पर चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए अनुभागीय निगरानी समितियां गठित

**कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जारी किए आदेश, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी भी नामांकित**

**जबलपुर।** आगामी देवउठनी एकादशी और उसके बाद आने वाले विवाह मुहूर्तों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर अनुभाग स्तर पर सात सदस्यीय निगरानी समितियों का गठन किया है। इन समितियों की अध्यक्षता संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी करेंगे।समिति में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, परियोजना अधिकारी (महिला एवं बाल विकास), खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। साथ ही, तहसील एवं विकासखंड स्तर पर संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि निगरानी समितियां अपने-अपने क्षेत्र में विवाह मुहूर्तों के दौरान आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर विशेष नजर रखें और बाल विवाह की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए आयोजन को रोकें।

आदेश में कहा गया है कि समितियां संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर उनकी सूची कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संबंधित थाना प्रभारी को सौंपेंगी। इन क्षेत्रों में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

## किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन पोर्टल में नये विकल्प जोड़े गये

**जबलपुर।** जिले में लागू ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली को किसानों की सुविधा के लिए अपडेट किया गया है। उप संचालक कृषि डॉ. एस.के. निगम ने बताया कि अब किसान "भू-अभिलेख जोड़े" लिंक से स्वयं खसरा जोड़ सकेंगे, जिसका सत्यापन राजस्व अधिकारी द्वारा किया जाएगा। सिकमी, ट्रस्ट एवं पट्टाधारी किसान भी सत्यापन उपरांत ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे।किसानों की प्रोफाइल अनब्लॉक करने, गलत रिटेलर चयन या टोकन डेट निकल जाने पर टोकन कैंसिल कराने की सुविधा भी अब उपलब्ध है। साथ ही किसान अब सिंगल उर्वरक चयन कर पात्रता अनुसार उर्वरक क्रय कर सकेंगे।

### देशभर के 76 में प्रदेश के जबलपुर, भोपाल और कोटा स्टेशन भी सूची में शामिल

## रेलवे स्टेशनों पर बनेंगे यात्री होल्डिंग एरिया

**जबलपुर**। रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल द्वारा देशभर के 76 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर "यात्री होल्डिंग एरिया" विकसित किए जाएंगे। इस योजना को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकृति प्रदान की है।



रेल मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस सुविधा के सफल संचालन के बाद इसे देशभर में लागू करने का निर्णय लिया गया है। दिवाली, छठ जैसे त्योहारी अवसरों पर नई दिल्ली स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया के माध्यम से भीड़ नियंत्रण और ट्रेन संचालन में काफी सुधार देखा गया था।यह होल्डिंग एरिया मॉड्यूलर डिज़ाइन में तैयार किए जाएंगे तथा प्रत्येक स्टेशन की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर इनका निर्माण किया जाएगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ से राहत देने के साथ ही ट्रेन संचालन को और अधिक सुचारु बनाने का उद्देश्य इस योजना के पीछे है।

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल और कोटा स्टेशन भी इस योजना में शामिल किए गए हैं। रेल मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी 76 स्टेशनों पर यह कार्य 2026 के त्योहारी सीज़न से पहले पूर्ण कर लिया जाए।

# नाबालिग ने अस्पताल में दिया बच्चे को जन्म

**पुलिस ने परिजनों के खिलाफ दर्ज किया मामला**

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से बाल विवाह का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने समाज और प्रशासन दोनों को झकझोर कर रख दिया है। यहां 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन की जांच में यह खुलासा हुआ कि उसकी शादी महज 13 वर्ष की उम्र में कर दी गई थी। प्रसव के दौरान जब अस्पताल ने पीड़िता के दस्तावेज मांगे, तो जन्मतिथि देखकर स्टाफ हैरान रह गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस और महिला बाल विकास विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए लड़की और लड़के दोनों पक्षों के परिजनों के खिलाफ बाल विवाह अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला गंभीर सामाजिक और कानूनी उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जिसमें नाबालिग की शारीरिक और मानसिक सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया है।जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि "पीड़िता की उम्र और विवाह की पुष्टि दस्तावेजों के आधार पर की गई है। जांच जारी है और संबंधित परिजनों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को भी दी गई है ताकि पीड़िता और नवजात शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।"



### जनजागरूकता पर जोर

घटना के सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ जनजागरूकता अभियान तेज करने की बात कही है। अधिकारियों का कहना है कि समाज में अब भी बाल विवाह के मामले गुपचुप तरीके से हो रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए सामुदायिक सहयोग और सख्त निगरानी जरूरी है।

## मुख्यमंत्री को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने भेजा पत्र

**एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन गुप्ता ने जताई आवश्यकता**

**जबलपुर**। एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने मध्य प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि विगत कई वर्ष से यह मांग लंबित है। कई बार पत्राचार किया जा चुका है। हर बार आश्वासन मिला किंतु हकीकत की जमीन पर ठोस कार्रवाई नदारद रही। यहां तक कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल मे आयोजित अधिवक्ता पंचायत में प्रदेश के अधिवक्ताओं की उपस्थिति मे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की घोषणा की गई थी, परन्तु उस पर अमल नहीं किया गया। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर खतरा बढता जा रहा है। 25 अक्टूबर, 2025 को भी विदिशा अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण पर भी हमला किया गया है, जो कि बहुत ही निंदनीय है। इन्हीं सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दिया है और मध्यप्रदेश मे भी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की आवश्यकता बढ़ गई है। यदि इस दिशा पर विचार नहीं किया गया तो प्रदेश के अधिवक्ता मजबूर होकर भोपाल पहुंचकर अपनी मांगे पूरी करवाने के लिए यथोचित प्रयास करेंगे।

## तेज रफ्तार बाइक सवार की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**पनागर के पास खड़े पिकअप वाहन में पीछे से जा घुसी बाइक, मौके पर हुई मौत**

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर-नागपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन में पीछे से तेज रफ्तार में जा रही बाइक घुस गई, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतक की पहचान अभय कुमार पिता पुतन यादव मूल निवासी बड़का चांदा, जिला आरा बिहार के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, अभय कुमार अपनी हीरो होंडा बाइक क्रमांक एमपी 21 एमई 6304 से सुबह सिहोरा की ओर जा रहा था। रास्ते में पनागर के समीप हाईवे पर खड़े पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 0906 से उसकी बाइक पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पिकअप के अंदर तक घुस गई और युवक वाहन के टाले से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा।



स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया और मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।




# निसर्ग इस्पात कंपनी परिसर में वन्यजीवों के शिकार का मामला गहराया

**वन विभाग ने सीसीटीवी डीवीआर जब्त किया, टाइगर स्ट्राइक फोर्स भी जांच में शामिल**

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा वन परिक्षेत्र के ग्राम घुघरा स्थित मेसर्स निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के 250 एकड़ क्षेत्र में वन्यजीवों के लगातार शिकार के मामलों ने पूरे जबलपुर वन मंडल को हिला दिया है। अब यह मामला स्थानीय अपराध से बढ़कर संगठित वन्य अपराध और अंतरराष्ट्रीय गिरोह की संलिप्तता की दिशा में जांच का विषय बन गया है।

वन विभाग की विशेष जांच टीम ने कंपनी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को जब्त कर लिया है, जिसे अब विशेषज्ञों के पास भेजा गया है ताकि उसमें रिकॉर्ड हुई फुटेज को रिकवर किया जा सके। अधिकारियों का मानना है कि डीवीआर में ऐसे वीडियो क्लिप मिल सकते हैं जो शिकारियों की गतिविधियों और उनकी संलिप्तता को उजागर कर सकते हैं।जानकारी के अनुसार, निसर्ग इस्पात कंपनी के कैंपस में पिछले कुछ सप्ताहों में कई वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं सामने आई हैं। 12 अक्टूबर को दो जंगली सुअरों का मांस बरामद किया गया था। 14 और 25 अक्टूबर को डॉग स्क्वॉड की मदद से एक-एक जंगली सुअर का शव जमीन से बरामद हुआ। वहीं 24 अक्टूबर को परिसर के भीतर एक तेंदुए का शव मिला, जिसे बिजली के करंट से मारने की पुष्टि हुई।

इन घटनाओं ने वन विभाग के अधिकारियों को चौकन्ना कर दिया है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि वन्यजीवों को करंट लगाकर मारा गया और उनके अंगों को अलग किया गया जो किसी संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करता है।

### अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की आशंका

सूत्रों के अनुसार, जिस तरह से वन्यजीवों के अंगों को निकालने और शिकार के तरीके अपनाए गए हैं, उससे यह आशंका गहराई है कि यह कोई अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी गिरोह हो सकता है। जांच दल अब कंपनी परिसर के बाहर के इलाकों और आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रहा है।वन विभाग ने कहा है कि डीवीआर की रिकॉर्डिंग मिलने के बाद कई महत्वपूर्ण सुराग सामने आ सकते हैं। विभाग ने फिलहाल पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और आसपास के इलाकों में बिजली कनेक्शन की तकनीकी जांच भी शुरू कर दी है, ताकि करंट से शिकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### तीन कर्मचारियों की गिरफ्तारी

12 और 14 अक्टूबर की घटनाओं के बाद वन विभाग ने तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन इसके बाद सामने आए नए मामलों में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। कंपनी का पूरा स्टाफ अचानक गायब हो गया है, जिसके चलते विभाग ने परिसर में चौकसी बढ़ा दी है और वहां वन कर्मियों की स्थायी तैनाती कर दी गई है। इस मामले ने नया मोड़ तब लिया जब कंपनी संचालक ने एक बड़े नेता और वन विभाग के कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। अब मामले की जांच वन मंडल जबलपुर के साथ-साथ टाइगर स्ट्राइक फोर्स को भी सौंपी गई है, ताकि किसी बड़े वन्य अपराध नेटवर्क की संभावना को खारिज न किया जाए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 1 दिसंबर को

# छात्रसंघ चुनाव के मामले में जवाब के लिये सरकार को मिली मोहलत



जबलपुर।

विश्वविद्यालयाओं व महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराये जाने को लेकर मामले में राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जवाब के लिए मोहलत मांगी गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिये स्थगित कर दी। मामले की अगली सुनवाई 1 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

यह मामला जबलपुर के छात्र नेता अदनान अंसारी की ओर से दायर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की पुनः बहाल किये जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लिंगदोह समिति की सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 2017 से अब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। जबकि छात्रों से 250 प्रति वर्ष छात्रसंघ शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन चुनाव नहीं कराये जाते है। पिछले कई सालों से छात्रसंघ चुनाव संपन्न नहीं हुए है, जो कि अनुचित है। मामले की पिछली सुनवाई पर न्यायालय ने विवि को शासन से निर्देश प्राप्त कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे।

## हाईकोर्ट में अब्दुल रज्जाक केस की हुई सुनवाई विधायकों को पक्षकार बनाने पर कोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के मामले की सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस ए.के. सिंह की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि क्या वे किसी मौजूदा विधायक और खनन कारोबारी को इस मामले में पक्षकार बनाना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा— "आप ही बताएं, क्या इन्हें पक्षकार बनाया जाना चाहिए?" इस पर वकील ने याचिकाकर्ता से निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई 31 अक्टूबर के लिए निर्धारित कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि रज्जाक के खिलाफ लगातार नए प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि पहले से दर्ज मामलों में अंतिम रिपोर्ट तक दाखिल नहीं की गई है। जमानत मिलने के तुरंत बाद नए केस दर्ज होने से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।अब्दुल रज्जाक का नाम जबलपुर के अपराध जगत में 1990 के दशक से कुख्यात रहा है। ओमटी थाना क्षेत्र का निवासी रज्जाक शुरू में डेयरी व्यवसाय से जुड़ा था, लेकिन बाद में उसका नाम खनन, वसूली, भूमि कब्जा और अवैध हथियारबंदी जैसे गंभीर अपराधों में सामने आया। पुलिस रिकॉर्ड में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, धमकी और जबरन वसूली सहित कई मामले दर्ज हैं। उसके बेटों सरफराज और सरताज पर भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जुलाई 2025 में जबलपुर पुलिस ने उसके गिरोह के चार सदस्यों को सीनी क्षेत्र के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया था, जहाँ से पिस्टल, लग्जरी कारें और नकदी बरामद हुई थी। 31 अक्टूबर की अगली सुनवाई इस मामले की दिशा तय कर सकती है, जिसमें राजनीतिक और व्यावसायिक दबाव के आरोपों पर भी अदालत का रुख स्पष्ट होगा।

## 90 प्रतिशत आकुपेंसी से जबलपुर में विमानन कंपनिया आर्थिक लाभ में !

**जबलपुर।** डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि जबलपुर फ्लाईटस में भरपूर फ्लायर्स की। 80 से 90 प्रतिशत आकुपेंसी है, स्पष्ट है कि विमानन कंपनियों को जबलपुर में सुदृढ़ आर्थिक प्रतिशत मिला, यहां वे अब लाभ की स्थिति में है, फिर भी फ्लाईटस की संख्या इंदौर भोपाल के सामान नहीं है। यह जबलपुर के साथ भेदभाव है, जिसके लिए अधिकारी भी दोषी है। डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में भारत के शहरों को एयर सर्किटस में जोड़ने की घोषणा की गई थी, किंतु 7 माह बीत गए फिर भी जबलपुर को किसी भी एयर सर्किट में जोड़ा नहीं गया है। इस घोषणा का पालन करते हुए डीजीसीए निश्चित योजना की घोषणा करें, जिससे मप्र के लिए बनाए गए एयर सर्किट में तथा जबलपुर से 500 किमी, की परिधि के स्थानों तक की आ रही फ्लाईटस को जबलपुर में आ जा सके।



## नगर निगम परिसर के उद्यान का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

**बेहतर साफ-सफाई रखने उद्यान अधिकारी को दिये निर्देश**

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्रातः 10:00 बजे निगम मुख्यालय परिसर में स्थित उद्यान का निरीक्षण किया और उद्यान परिसर को और अधिक स्वच्छ रखने के निर्देश उद्यान अधिकारी को दिये। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे, के साथ कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे भी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री अहिरवार के द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को भी निर्देशित किये हैं कि निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ। इसके साथ-साथ नागरिक सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए नागरिकों के कार्य सुगमता के साथ करना सुनिश्चित करें।*शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्यों को लेकर* *कठौंदा के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर और निगमायुक्त**कलेक्टर और निगमायुक्त ने सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर नियम से प्लांट के एक-एक अनुभागों का किया सघन निरीक्षण* *पूरी क्षमता के साथ 1 दिसम्बर से चालू होगा कठौंदा का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट**प्लांट से 11 मेगावॉट बिजली उत्पादन करने कि की जा रही है व्यापक तैयारियॉ-मेंटनेंश का कार्य**प्रतिदिन 600 टन कचरा से होगा बिजली का उत्पादन, 3 लाख मेट्रिक टन कचरे का अलग-अलग कराये जा रहा है सेग्रिगेशन**आगामी 6 माह में एकत्रित कचरों का किया जायेगा निस्तारण* ।

# रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता के तबादला आदेश पर रोक

जबलपुर।

रेलवे के एक वरिष्ठ खंड अभियंता ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि उसी ने रेल संपत्ति चोरी की शिकायत की थी और उसे ही स्थानांतरण कर और उसके खिलाफ विभागीय जांच करवा कर परेशान किया जा रहा है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद कैट ने तबादला आदेश पर रोक लगा दी। कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस एके श्रीवास्तव व प्रशासनिक सदस्य श्रीमती मल्लिका आर्य की युगलपीठ ने पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, वरिष्ठ खंड अभियंता खन्ना बंजारी बरही कटनी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी दीपक राय की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा व अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया किभिटौनी में पदस्थ रहने के दौरान ड्यूटी पर याचिकाकर्ता जख्मी हुआ। ऑपरेशन करने

पर उसकी एक उंगली भी छोटी हो गई। याचिकाकर्ता ने 19 मार्च 2023 को आरपीएफ में रेल संपत्ति चोरी होने की शिकायत की। इस मामले में टीएल बर्मन एवं जयप्रकाश मीणा समेत कई आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में मामला लंबित है। दलील दी गई कि कुछ अधिकारियों ने याचिकाकर्ता पर दबाव बनाया। शिकायत वापस नहीं लेने पर याचिकाकर्ता पर ही आरोप लगाते हुए उनकी वेतनवृद्धि रोकने का दंड दे दिया गया। इसके बाद कई आरोप पत्र दिए गए। विगत 17 अक्टूबर को याचिकाकर्ता का तबादला भिटौनी से खन्ना बंजारी कटनी कर दिया गया।

# पूरी क्षमता के साथ 1 दिसम्बर से चालू होगा कठौंदा का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

**जबलपुर।** देश के पांचवें स्वच्छ सिटी जबलपुर को पहले पायदान पर पहुँचाने के लिए नगर निगम द्वारा अभी से कवायद शुरू कर दी है। स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की बड़ी भूमिका रहती है, जिसके कारण इस प्लांट को बेहतर ढंग से व्यवस्थित संचालन किया जाता है। पिछले कुछ दिनों से कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का संचालन बंद है। इस दौरान बड़े पैमाने पर उपकरणों के मेंटेनेंस-मरम्मत का कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके निरीक्षण के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सभी तकनीकी अधिकारियों के साथ प्लांट पहुंचे और नियमों का पालन करते हुए सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर प्लांट के एक-एक अनुभागों का सघन रूप से निरीक्षण किया और कार्यो में गति लाने के निर्देश दिये।



निरीक्षण के मौके पर कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने बताया कि प्लांट का मेंटेनेंस गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है, जो नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिये जायेगें और 1 दिसम्बर से पूरी क्षमता के साथ कठौंदा के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का संचालन प्रारंभ हो जायेगा। प्लांट के संचालन से 11 मेगावॉट बिजली उत्पादन होगी, इसके लिए प्रतिदिन 600 टन कचरा से बिजली का उत्पादन किया जायेगा।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि प्लांट के बंद होने से परिसर में प्रतिदिन का कचरा एकत्रित किया गया जो 3 लाख मेट्रिक टन है, अब उसे अलग-अलग छटनी कर कचरे का सेग्रीगेशन भी कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेग्रीगेशन के उपरांत आगामी 6 माह में एकत्रित कचरों का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण किया जायेगा।

गौरतलब है कि शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में एस्सेल कंपनी द्वारा जबलपुर एम.एस.डब्ल्यू. (म्यूनिसीपल शॉलिड वेस्ट) वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थापना की गई थी। इस प्लांट का उद्देश्य शहर से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर प्रकृति की सुरक्षा और स्वच्छ जबलपुर का लक्ष्य प्राप्त करना है, इस दिशा में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा ठोस प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्लांट परिसर में पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से भी अपील की है कि कचरा यहाँ-वहाँ न फेंके, निगम की कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें। अधिकारी द्वय ने स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण अभियान में प्रशासन को सहायोग प्रदान करने की भी अपील की है। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त आरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री सुनील दुबे, अभिनव मिश्रा, संजय सिंह, अंकुर नाग, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव, के अलावा कुंदन ग्रीन एनर्जी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रारंभ

### जिले के मास्टर ट्रेनर्स को किया गया प्रशिक्षित

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश में जिले के सभी एएलएमटी विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। प्रशिक्षण राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. नितिन सक्सेना व डॉ रश्मि झरिया द्वारा दिया गया। एएलएमटी अब विधानसभा में सभी बीएलओ, सुपरवाइजर को एसआईआर के संबंध में गहन प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि इस पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे तथा मतदाता को अपने या परिजनों के नाम का मिलान या लिंकिंग पिछले एसआईआर (2002-2004) के रिकॉर्ड से करने में सहायता की जाएगी। इस कार्य के लिए मतदाता और बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाकर विवरण सुनिश्चित करेंगे। गणना चरण के दौरान किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। गणना प्रपत्र भरवाने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है।

## कार्यालयों में नागरिकों की सुविधाओं का रखा जा रहा है विशेष ध्यान, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर के मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालय व्यवस्थित हो रहे हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार सभी संभागीय कार्यालयों में नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए उनके लिए बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल आदि की व्यवस्थाएँ भी कराई गयी है। इन सभी विकसित सुविधाओं का निरीक्षण आज अपर आयुक्त अरविंद शाह, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, रचचिता अवस्थी,



वेदप्रकाश एवं आनंद मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया और कार्यालयों के अंदर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ कार्यालय में रखे डस्टबिन, अलमारी, प्रसाधन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के अलावा कार्यालय में संधारित आवक-जावक रजिस्टर का भी अवलोकन किया जाकर रेटिंग दिये गए। इस संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह एवं उपायुक्त संभव अयाची ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण कमेटी के सदस्यों द्वारा दिये गए नम्बरों के आधार पर कार्यालयों की मैरिट सूची बनाई जायेगी और उसके अनुरूप स्वच्छ कार्यालय के प्रमुखों को पुरस्कृत किया जायेगा। आज निरीक्षण टीम के सभी सदस्यों के द्वारा मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया और व्यवस्थाएँ और सुविधाएँ संबंधी जानकारियाँ दर्ज की गयी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत स्मार्ट ऑफिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत 4 मापदण्डों को निर्धारित करते हुए 100 अंक का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन 100 अंकों का किया जायेगा जिसमें सुगम्यता के लिए 25, स्वच्छता के लिए 25, ऑफिस संगठन के लिए 25 एवं सिटीजन रेटिंग के लिए 25 अंक निर्धारित किये गए हैं जिसके अंतर्गत गुरुवार को अधिकारियों द्वारा कार्यालयों का अवलोकन कर आंकलन किया गया।

## आज सुबह राइट टाउन स्टेडियम से शुरू होगी एकता के लिये दौड़

**जबलपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज 31 अक्टूबर को सम्पूर्ण प्रदेश के साथ जबलपुर शहर में भी रन फॉर यूनिटी (एकता के लिये दौड़) का आयोजन किया जायेगा। जबलपुर में यह दौड़ राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से आयोजित होगी।

रन फॉर यूनिटी राइट टाउन स्टेडियम के मुख्य द्वार से प्रारंभ होगी। तीन किलोमीटर लंबी यह दौड़ नवभारत चौक (पेट्रोल पंप) से होते हुए महाराणा प्रताप चौक (तीन पत्ती), यातायात तिराहा एवं महाराष्ट्र हाई स्कूल होते हुये वापस राइट टाउन स्टेडियम अशोका होटल के सामने पहुँचेंगी, जहाँ इसका समापन होगा।कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रन फॉर यूनिटी के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने एक आदेश जारी कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। आदेश में सभी अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश में नगर निगम आयुक्त को एकता दौड़ कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई तथा दौड़ के प्रतिभागियों के लिये पानी एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात को कार्यक्रम स्थल से लेकर दौड़ के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं पुलिस थाना स्तर पर रन फॉर यूनिटी के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

### रवि योग के संयोग में मनेगी देवउठनी एकादशी, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# चार माह की योग निद्रा से कल जागेंगे श्रीहरि विष्णु, होगा तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन चार माह के विश्राम के बाद भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे।



### विशेष मुहूर्त में होगा पूजन

देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, दवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता है। सनातन धर्म मे देवोत्थान एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है।देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर मैं नीद से जागृत होते है। इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्दि व रवि योग का संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही वैवाहिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही इस दिन से सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य नींव पूजन, गृह प्रवेश यज्ञोपवीत संस्कार,मुंडन, विवाह तथा सभी प्रकार के अन्य शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे।

### देवउठनी एकादशी का महत्व

आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं व देवउठनी एकादशी को योग निद्रा से जागते है।पूरे साल में आने वाली एकादशियों में देवउठनी एकादशी को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ होता है।मंदिरों व घरो मैं बनेंगे गन्ने के मंडप-देवउठनी एकादशी पर घर-घर गन्ने के मंडप बनाकर तुलसी शालिग्राम विवाह का पूजन होगा।घरो के अलावा मंदिरों मैं भी विशेष पूजन होगा व तुलसी विवाह की बारात भी निकाली जाएगी।

# युवा उत्सव की तैयारियां शुरू

जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि यह उत्सव जिला व संभाग स्तर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक आयोजित किये जायेंगे। जिसमें प्रथम चरण में जिला व द्वितीय चरण में सभाग स्तरीय कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन व विज्ञान मेला से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। प्रत्येक प्रतियोगिताओं के लिए अंक निर्धारित किये गये हैं तथा इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय का निर्णय तीन-तीन निर्णायकों द्वारा किया जायेगा। बैठक में बताया गया



कि राष्ट्रीय युवा उत्सव एमएलबी ग्राउंड में प्रस्तावित किया गया है, जिसमें 15 से 29 वर्ष के मध्य के शासकीय तथा निजि शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत युवा भाग ले सकेंगे। समस्त प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में प्रतियोगिता कर सकेगा। प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं 10वीं कक्षा की अंक सूची जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो की मूल प्रति लाना अनिवार्य किया गया है। पूर्व से पंजीयन एवं उपस्थित व्यक्ति में भिन्नता होने पर पंजीयन निरस्त माना जायेगा। बैठक में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा पीआर चंदेलकर, खेल अधिकारी आशीष पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### धान की फसल को भारी नुक़सान की आशंका

# मोंथा तुफान के चलते झमाझम बारिश

सिहोरा।

असम सहित अनेक राज्यों में 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं के साथ आये मोंथा तूफान के प्रभाव से प्रदेश के साथ साथ जिले में हो रही झमाझम बारिश ने न केवल मौसम का मिजाज बदल दिया बल्कि किसानों के अरमानों पर भी पानी फेर दिया। आसमान पर जमा काले घनघोर बादलों को देखते हुऐ मौसम से अभी लोगो को राहत मिलती नजर नही आ रही है जानकारों के अनुसार फिलहाल अधिकतर हिस्सों में बादल छाने के साथ ही हल्की से मध्यम कहीं कहीं तेज बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।



### किसानों के लिए बढ़ी परेशानी

मौसम खराब होने से किसानों की चिंता न सिर्फ बढ़ गई है बल्कि बारिश आफत भी बन रही है। विगत दो दिनों से चल रही तेज हवाओं से खेत में लहलहा रही धान की फसल खेतों में बिछ गई है उस पर से शाम 4 से हो रही अनवरत बारिश ने खेतों में पानी भर दिया जिसके कारण खेतों में गिरी फसल का डुबकर सड़ने का खतरा बना हुआ है। किसानों का कहना है कि फसल पककर पुरी तरह कटने के लिए तैयार थी लेकिन प्रशासन द्वारा पराली के सन्दर्भ में जारी तुगलकी फरमान के कारण किसान हार्वेस्टिंग नहीं करा पाये। इसके बाद बदलते मौसम के मिजाज के कारण बारिस से धान की फसले खराब हो रही है। किसान धान की कटाई नही कर पा रहा है पहले प्रशासन फिर प्रक्रीति के कहर ने किसान को पुरी तरह बर्बाद कर दिया।

### रबी सीजन की फसलो में होगा विलंब

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल का कहना है की खरीफ की फसल चौपट होने के साथ साथ रवी की फसल पर खतरा मंडरा रहा है।यदि मौसम साफ हो भी जाता है तो कम से कम 15 दिनों तक हार्वेस्टर खेत में नहीं जा सकेगें कटाई के बाद अगली फसल के लिए खेत तैयार करने बोनी करने के कारण रवि की फसल में विलंब होने से किसानों को दोहरी मार सहन करना पड़ेंगी।

## रंगदारी वसूलने चाकू व डंडे से हमला

जबलपुर।

लार्डगंज थाना अतंर्गत यादव कालोनी में शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर तीन बदमाशों ने एक सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट कर चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर दिया।लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार यादव कालोनी लार्डगंज निवासी मोहन प्रसाद साहू गत रात लगभग 10.30 बजे सब्जी बेचकर घर वापस आ रहा था, तभी यादव कालोनी के पास उसके परिचित के विवेक साहू अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोका और शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर तीनों गाली गलौज करने करते हुए पर चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 126(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## नर्मदा जल परियोजना में मजदूरों को मिली सेफ्टी किट, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी मौन

**खबर छपते ही कंपनी ने मजदूरों को हेलमेट-बेल्ट बांटे, जल निगम के अधिकारी जवाब देने से बच रहे**

**पनागर।** ग्राम पंचायत महगांव टगर में नर्मदा जल परियोजना के तहत एफकॉन्स कंपनी द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई थी। निर्माण स्थल पर मजदूर बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और सुरक्षा जाल के ऊँचाई पर काम कर रहे थे।



**खबर का असर**

हरिभूमि द्वारा इस गंभीर मामले को उजागर किए जाने के बाद ही कंपनी हरकत में आई और मजदूरों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए। सूत्रों के अनुसार, पिछले कई महीनों से ठेकेदार और प्रबंधन स्तर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी, जबकि जल निगम के अधिकारी पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए थे। खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और सुरक्षा जाल वितरित किए गए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि अब तक मजदूरों की जान को खतरे में डालकर काम कराया जा रहा था। परियोजना से जुड़े फील्ड इंजीनियर दीपक शुक्ला और शैलेंद्र कुमार ने बताया कि “हरिभूमि में खबर आने के बाद ही अधिकारियों और मैनेजर की आंखें खुलीं, अब मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है।”

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने कहा कि केवल सुरक्षा सामग्री देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों पर आर्थिक दंड और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल, जल निगम के अधिकारी इस दिशा में किसी ठोस कदम या दंडात्मक कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।

खबर के बाद जांच प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें मैनेजर मदन मोहन सहित ठेकेदार स्तर पर गंभीर आरोपों की पुष्टि के बाद संबंधितों में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों की उम्मीद है कि प्रशासन अब इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगा ताकि भविष्य में मजदूरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न हो।

# 1 तलवार, 1 बका तथा 3 चाकू जप्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर।

हनुमानताल, शहपुरा, ओमती और घमापुर पुलिस ने अवैध हथियार के कारोबार में लिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 तलवार एवं 1 बका तथा 3 चाकू जब्त की है।

हनुमानताल प्रभारी धीरज राज ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर कब्रिस्तान गेट नम्बर 1 के अंदर हड्डी गोदाम आजाद चौक हनुमानताल निवासी 18 वर्षीय समीर उर्फ मोह. तौफीक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बटनदार चायना चाकू जब्त किया गया है।

इसी प्रकार कब्रिस्तान गेट नम्बर 2 में दबिश देते हुये बापूनगर झंडा चौक हनुमानताल निवासी 43 वर्षीय आरोपी टिक्का उर्फ प्रकाश अहिरवार को तलवार लिये रंगे हाथ पकड़ा गया। उल्लेखनीय है कि पकड़े गये आरोपी टिक्का उर्फ प्रकाश अहिरवार के विरूद्ध पूर्व से 3 अपराध पंजीबद्ध है।

इसी प्रकार शहपुरा में खिरकाखेड़ा आम के बगीचा के पास आने जाने वाले राहगीरों को बका दिखाते हुए डरा धमका रहे रामघाट पिपिरया निवासी 34 वर्षीय राजेंद्र बर्मन को गिरफतार कर उसके पास से एक लोहे का बका जब्त किया है।

इसी प्रकार ओमती पुलिस ने भानतलैया हनुमानता लिवासी 22 वर्षीय नीलेश सेन को चाकू सहित रंगे हाथ पकड़ा।

इसी तरह घमापुर पुलिस ने बल्दीकोरी की दफाई निवासी 20 वर्षीय मोनू वंशकार को चाकू सहित रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पुरानी रंजिश पर सुअरमार बम पटके

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत वंदना नगर बस्ती नंबर 2 गोहलपुर में पुरानी रंजिश पर चार बदमाशों ने एक युवक के घर के आंगन में तीन सुअरमार बम पटक दिए। जिसमें से दो बम फूट गए और 1 बम आंगन में पड़ा हुआ है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वंदना नगर बस्ती नंबर 2 गोहलपुर निवासी 18 वर्षीय करन केवट गत रात लगभग 8.30 बजे अपने घर पर था, तभी दो बाईकों में रोहित बाथरे, यश बेन, प्रिंस केवट और रोहित ठाकुर चारों अपने हाथ में सुअरमार बम लेकर आए और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करते हुये उसके घर के अंदर आ गये और उसके साथ मारपीट करने लगे, उसकी मां गीताबाई, बहन दीपमाला ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की। उसके बाद चारों ने उसे एवं उसके परिवार को डराने के लिये उसके घर की बाउण्ड्री पर तीन सुअरमार बम फैंककर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। तीन बमों में से 2 बम फूट गए और 1 बम आंगन में पड़ा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 125, 296, 115(2), 331(6), 351(3), 3(5) बीएनएस तथा 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियक का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पंचवटी घाट की अव्यवस्थाओं से पर्यटक परेशान

## भेड़ाघाट में सफाई और मरम्मत कार्य ठप, श्रद्धालुओं की आस्था पर असर

**भेड़ाघाट।** “पंचवटी नौका विहार बिना भेड़ाघाट की यात्रा अधूरी है” — यह स्लोगन तो आकर्षक है, परंतु वर्तमान हालात इस दावे को झुठलाते नजर आ रहे हैं। पंचवटी घाट पर फैली अव्यवस्थाओं और गंदगी के कारण यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सीढ़ियों पर गंदगी और अतिक्रमण का बोलबाला

पंचवटी घाट जाने वाली सीढ़ियों पर जगह-जगह गंदगी और दुकानदारों द्वारा फैलाया गया सामान यात्रियों के मार्ग में बाधा बन रहा है। नगर परिषद की लापरवाही और कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता और दुकानदारों से मिलीभगत के कारण स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है।



### बाढ़ से क्षतिग्रस्त घाट की दुर्दशा

हाल ही में आई बाढ़ के कारण घाट की कई सीढ़ियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। धौलपुरी पत्थर उखड़ गए हैं और मरम्मत कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। महिलाओं के वस्त्र बदलने की जगह पर दरवाजे गायब हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ऊपर लगी सुरक्षा ग्रिल भी कई स्थानों पर हटा दी गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

### नगर परिषद और जनप्रतिनिधि मौन

स्थानीय लोगों ने बताया कि मां नर्मदा के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। बावजूद इसके, नगर परिषद भेड़ाघाट और जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। घाट की मरम्मत, सफाई और सौंदर्यीकरण की बातें केवल कागजों तक सीमित हैं।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचवटी घाट की जल्द से जल्द मरम्मत, सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि भेड़ाघाट की पहचान और साख बरकरार रह सके।

**बास्केटबॉल के सेमीफाइनल में, रोप स्कीपिंग में कांटे का मुकाबला रहा**

## खो-खो: जबलपुर संभाग के बालक बालिका दोनों वर्गों के पहुँचे फाइनल में

जबलपुर।

महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय (एमएलबी) में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खो-खो के बालक और बालिका दोनों वर्गों के फाइनल में जगह बना ली है। दोनों वर्गों के फाइनल में अब जबलपुर का मुकाबला इंदौर संभाग से होगा।

खो-खो (19 वर्ष वर्ग) के सेमीफाइनल में बालिका वर्ग में जबलपुर ने ग्वालियर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं इंदौर ने भोपाल को पराजित किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में जबलपुर ने उज्जैन को और इंदौर ने ग्वालियर को हराकर फाइनल में प्रवेश पाया।

बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग) में जबलपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया है, जहाँ उसका मुकाबला ग्वालियर संभाग से होगा। दूसरा सेमीफाइनल उज्जैन और इंदौर संभाग के बीच खेला जाएगा।

रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता में जबलपुर और भोपाल संभाग के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।



यह प्रतियोगिता 28 से 31 अक्टूबर 2025 तक एमएलबी विद्यालय परिसर में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों से 1050 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग), रोप स्कीपिंग (14, 17 व 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) तथा खो-खो (19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) की स्पर्धाएँ शामिल हैं।

खेल आयोजन की सफलता हेतु नियंत्रण कक्ष, आवास, भोजन एवं परिवहन की विस्तृत व्यवस्थाएँ की गई हैं। खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था शहर के 16 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में की गई है।

आयोजन के दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल आशा सिसोदिया, भोपाल से ऑब्जर्वर जाकिर खान, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा सहित निर्णायक मंडल, व्यवस्थापक प्राचार्य एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं का समापन समारोह आज दोपहर 3 बजे एमएलबी स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

## 3 दोस्तों की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जबलपुर।

नागपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में शहर के तीन प्रतिष्ठित कारोबारी दोस्तों की मौत ने पूरे जबलपुर को झकझोर दिया है। साथ जिए, साथ मरे और एक साथ मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ यह संभवत: शहर का पहला ऐसा मामला है, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों दोस्त , गोरखपुर निवासी एवं संचालक श्रीगोपाल जी होटल कपिल साहनी, तिलहरी निवासी अमित अग्रवाल और जसूजा सिटी निवासी संदीप सोनी बुधवार दोपहर नागपुर-जबलपुर हाईवे के देवलापार थाना क्षेत्र में हुए कार-ट्रैवलर भिड़ंत में मौके पर ही काल के ग्रास बन गए।

जानकारी के अनुसार, तीनों कारोबारी रविवार को व्यावसायिक कार्य से नागपुर गए थे। बुधवार को लौटते समय बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रैवलर से भिड़ गई, जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। रात करीब 2:30 बजे तीनों दोस्तों के शव जब जबलपुर पहुंचे, तो पूरे शहर में मातम पसर गया। घरों में चीख-पुकार मच गई, बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। देर रात से ही रिश्तेदारों और परिचितों का तांता लगा रहा।

गुरुवार सुबह हाथीताल मुक्तिधाम में तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। हर किसी की जुबान पर तीनों दोस्तों की गहरी दोस्ती और उनके मिलनसार स्वभाव की चर्चा थी। तीनों दोस्तों की असमय मौत से शहर के कारोबारी जगत में शोक की लहर है।

## झण्डा दिवस पर 6वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल ने आयोजित किया कार्यक्रम



जबलपुर।

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार, Observance of Police Flag Day (21–31 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत 29 और 30 अक्टूबर 2025 को 6वीं वाहिनी जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में सहायक सेनानी श्रीमती मेहंती मरावी द्वारा वाहिनी के शहीद मलसिंह मरावी के निवास पर जाकर उनके परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीएम राइज स्कूल करौंदी के विद्यार्थियों को वाहिनी के अश्वारोही दल, हथियारों एवं मध्यप्रदेश के इस वर्ष हुए शहीदों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों के लिए पुलिस की बहादुरी पर आधारित फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक विक्रम सिंह, स्वरूप सिंह उइके, सूबेदार मेजर बिलार सिंह जानता, उप निरीक्षक संदीप घोड़ेसवार सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी के 3 कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तीन कार्मिक आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### शशि सक्सेना

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रेग्युलेटरी कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी एक के पद पर कार्यरत शशि सक्सेना 40 की सेवा के उपरांत आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं।


### शरद नेमा

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी एक के पद पर कार्यरत शरद नेमा 34 वर्ष की सेवा के उपरांत आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### प्रकाश चंद्र नन्होरया

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के पावर मैनेजमेंट कार्यालय में कनिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर कार्यरत प्रकाश चंद्र नन्होरया 34 वर्ष की सेवा के उपरांत आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## “मांग के साथ तुम्हारा नाम” संगीतमय शाम में सुरों की बहार



जबलपुर।

विगत दिवस शहीद स्मारक स्थित प्रेक्षागृह में श्री राधे कराओके क्लब एवं रेणुका म्यूजिक अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में “मांग के साथ तुम्हारा नाम” शीर्षक से एक भव्य संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रेणुका म्यूजिक अकैडमी के संचालक श्री आलोक वर्मा एवं श्री राधे कराओके क्लब की संचालिका सुश्री संगीता ठाकुर थीं। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. गोपाल, वरिष्ठ पत्रकार श्री चैतन्य भट्ट, आकाशवाणी के कलाकार सत्येंद्र जी, एवं प्रसिद्ध हास्य कलाकार के. के. नायकर सहित अनेक विशिष्ट हस्तियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैमसंग, सपना शर्मा, विश्वनाथ, दिव्या पटवा, तनुश्री परोचे, राशि सिनोरिया, शौर्य, संगीता ठाकुर, मास्टर शक्ति, आलोक वर्मा और संजय भट्ट सहित कई गायक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का संचालन श्री अमित प्रणामी एवं श्री संजय भट्ट ने किया। करीब तीन घंटे तक चले इस संगीतमय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।




**श्री राज बाबू श्रीवास-** कांचघर पोस्ट आफिस के पीछे निवासी लिबर्टी सैलून के संचालक श्री राज बाबू श्रीवास (68) का निधन हो गया है। वे राजेंद्र, राकेश (बड़कू) व राजेश श्रीवास के भाई थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती पुष्पलता सोनी-** मालगुजार परिसर 3 नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री वृंदावन सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता सोनी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा-** पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. भावना कहार-** माली मोहल्ला रानीपुर मदनमहल निवासी श्री नरेंद्र कुमार कहार की पुत्री कु. भावना कहार (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललिता विश्वकर्मा-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री जानकी प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता विश्वकर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती देवी राजपूत-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती देवी राजपूत (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार यादव-** अनुराधा कॉलोनी धोबीघाट वाटर वकर्स रोड निवासी श्री राजकुमार यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कपिल साहनी-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री मोहन लाल साहनी के पुत्र श्री कपिल साहनी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता यादव-** गोकलपुर निवासी श्री अशोक यादव की धर्मपत्नी श्रीमती ममता यादव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप सोनी-** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर अंधमूक बायपास रोड निवासी श्री संदीप सोनी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रीता केसरवानी-** गंगासागर रोड मदनमहल निवासी श्री विनोद केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती रीता केसरवानी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित अग्रवाल-** राजुल सिटी तिलहरी निवासी श्री अमित अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धन बहादुर थापा-** तिलहरी सर्वेंट क्वाटर्स निवासी श्री धन बहादुर थापा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई विश्कवर्मा-** बिहारी मोहल्ला सिद्ध बाबा वार्ड निवासी श्री शंकर लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई विश्वकर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय-** सुहागी अधारताल निवासी श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई कोरी-** खेरमाई वार्ड नर्मदा मैदान निवासी श्री अच्छे लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- 8x8 से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने जारी किए आंकड़े

# ऊंची कीमतों के कारण 2025 की तीसरी तिमाही में देश में सोने की मांग 16% घटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में वर्ष 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सोने की मांग मात्रा के हिसाब से 16 प्रतिशत घटकर 209.4 टन रह गई। यह गिरावट सोने की ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ताओं की खरीदारी में कमी के चलते आई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उद्योग निकाय के अनुसार, इस साल की तीसरी तिमाही में सोने की कुल मांग घटकर 209.4 टन रह गई, जो पिछले साल समान अवधि में 248.3 टन थी। हालांकि, इस दौरान मूल्य के हिसाब से मांग 1,65,380 करोड़ रुपये से 23 प्रतिशत बढ़कर 2,03,240 करोड़ रुपये हो गई, जो सोने की कीमतों में तेजी को दर्शाता है।

### आभूषण की मांग 117.7 टन रही

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सर्राफा बाजार में सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो 171.6 टन से घटकर 117.7 टन रह गई। हालांकि, आभूषणों की खरीद का मूल्य लगभग 1,14,270 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा, क्योंकि खरीदारों ने बढ़ी हुई कीमतों के अनुसार अपने खर्च को समायोजित कर लिया।

### अंतरराष्ट्रीय कीमतें 3456.5 डॉलर प्रति औंस रही

*इसमें आयात शुल्क और जीएसटी शामिल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कीमतें औसतन 3,456.5 डॉलर प्रति औंस रहीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,474.3 डॉलर प्रति औंस थीं। जैन ने कहा, ''मात्रा में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन मूल्य में 23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।*

- मांग मात्रा के हिसाब से घटकर 209.4 टन रह गई
- सोने की ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ताओं ने खरीदारी कम की
- सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई



***देश में सोने की औसत कीमत 46 फीसदी बढ़ी***
*विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, यह भारतीय उपभोक्ताओं के बीच मूल्य के दीर्घकालिक भंडार के रूप में सोने के प्रति बढ़ती रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' तिमाही के दौरान देश में सोने की औसत कीमत 46 प्रतिशत बढ़कर 97,074.9 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 66,614.1 रुपये थी।*

***निवेश मांग में मजबूती देखी गई*** *: डब्ल्यूजीसी ने कहा कि इस दौरान निवेश मांग में उल्लेखनीय मजबूती देखी गई, जो मात्रा के हिसाब से 20 प्रतिशत बढ़कर 91.6 टन हो गई तथा मूल्य के हिसाब से 74 प्रतिशत बढ़कर 51,080 करोड़ रुपये से 88,970 करोड़ रुपये हो गई।*

### सरकार यूएई के साथ सोने का कोटा आवंटित करेगी

*सरकार ने कहा कि भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौते के तहत सोने के लिए शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) का आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा। इस समझौते के तहत भारत टीआरक्यू के तहत एक प्रतिशत शुल्क या शुल्क रियायत के साथ यूएई से सालाना 200 मीट्रिक टन तक सोना आयात करने पर सहमत हुआ था।*

### आवंटन बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा

*भारत-यूएई व्यापार समझौते के तहत सोने के लिए टीआरक्यू आवंटन की प्रक्रिया में संशोधन करते हुए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापार नोटिस में कहा कि 'सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के तहत सोने के लिए टीआरक्यू का आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।'*

### ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे

*इसमें यह भी कहा गया कि पात्र आवेदक को हॉलमार्किंग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और जीएसटी के साथ पंजीकृत होना चाहिए। इसमें आगे कहा गया कि टीआरक्यू के तहत सोने के आयात पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्र आवेदक डीजीएफटी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।*

---

एमआईएल समूह के सीएफओ सलील कुमार ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है

# एमईआईएल एनर्जी ने तमिलनाडु में 250 मेगावॉट के पावर प्लांट का अधिग्रहण किया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



एमईआईएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एमईआईएल एनर्जी) ने अबू धाबी नेशनल एनर्जी कंपनी पीजेएससी (टाका) से टाका नेवेली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड का 100 फीसदी अधिग्रहण कर लिया है। तमिलनाडु के नेवेली में स्थित यह 250 मेगावॉट क्षमता वाला लिग्नाइट आधारित पावर प्लांट राज्य की बिजली कंपनी को लगातार सप्लाई दे रहा है। इस अधिग्रहण से एमईआईएल की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 5.2 गीगावॉट से अधिक हो गई है। एमईआईएल समूह के सीएफओ सलील कुमार मिश्रा ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत एमईआईएल अपने ईपीसी कार्यों के साथ ऊर्जा परिसंपत्तियों का मालिक और संचालक दोनों बनना चाहती है। कंपनी थर्मल, हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में टिकाऊ और भरोसेमंद परियोजनाएँ विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 15 दिन में सोना 10 हजार तो चांदी 37 हजार रुपए हुई सस्ती

# सराफा बाजार में सोना 1.22 लाख 500 रु. प्रति दस ग्राम, चांदी हुई 1.49 लाख रुपए किलो हुआ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मौजूद समय में सोना-चांदी दोनों के भाव में मुंह के बल गिरे हुए है। स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में सोना 15 दिन पहले की तुलना में 10 हजार प्रति दस ग्राम सस्ता हुआ है तो चांदी 3700 हजार रुपए प्रति किलो ग्राम सस्ती हुई है। सर्राफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री ,प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि 15 दिन पहले यानी 15 अक्टूबर को सोने का भाव 131400 रुपए प्रति दस ग्राम था, लेकिन गुरूवार यानी 30 अक्टूबर की शाम को मय 3 फीसदी जीएसटी के साथ सराफा बाजार में सोना 122500 रुपए दस ग्राम बोला गया। इसी प्रकार चांदी जो 15 अक्टूबर को 186000 रुपए प्रति किलो स्तर पर पहुंची थी गुरूवार को 149000 रुपए प्रति किलो ग्राम बोली गई। अग्रवाल ने बताया कि बीते 15 दिनों में सोना के भाव 9900 रुपए और चांदी के भाव 37000 रुपए प्रति किलो कम हुए है। उन्होंने कहाकि त्योहारों के बाद दोनों बहुमूल्य धातुओं से चमक फीकी पड़ी गई है। अतः उम्मीद है कि शादी के मौसम से फिर से दाम में रौनक आएगी।

---

# बीएसएनएल ने दूसरी तिमाही में लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत किया हासिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपने लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत यानी 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिया।

बीएसएनएल की तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपये रहा। सिंधिया ने कहा, '' इस (जुलाई-सितंबर) तिमाही में हमने अपने लक्ष्य का 93 प्रतिशत राजस्व हासिल कर लिया। हमने 5,740 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था जिसमें से हमने 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिए। इसलिए, हम उस बड़े लक्ष्य के काफी करीब हैं जो हमने पिछले साल की आय में उछाल के आधार पर अपने लिए तय किया था। मंत्री ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसएनएल का लक्ष्य राजस्व को 20 प्रतिशत बढ़ाकर 27,500 करोड़ रुपये करना है। मंत्री ने कहा, '' हमारा एआरपीयू भी बढ़ा है। इस वर्ष की पहली तिमाही में यह 81 रुपये था, जो इस वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 91 रुपये हो गया है।




- केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कंपनी के तिमाही समीक्षा के बाद कहा
- पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपए रहा

### महाराष्ट्र, केरल ने किया अच्छा प्रदर्शन

प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) किसी दूरसंचार संचालक की वृद्धि को मापने का एक प्रमुख पैमाना है। मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, केरल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार, और जम्मू-कश्मीर ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है जहां एआरपीयू 214 रुपये तक पहुंच गया।

### मप्र, झारखंड व कोलकाता के प्रदर्शन पर चिंता जताई

सिंधिया ने मध्य प्रदेश, झारखंड और कोलकाता जैसे क्षेत्रों के प्रदर्शन पर चिंता जाहिर की जहां एआरपीयू 60 रुपये के दायरे में है।

# सैमसंग ने जीती 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' में 1 करोड़ रु. की ग्रांट

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025' के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। यह कार्यक्रम युवा छात्रों को प्रेरित करता है कि वे तकनीक के माध्यम से अपने समुदायों की वास्तविक चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और प्रभावशाली समाधान विकसित करें। शीर्ष चार विजेता टीमें पर्सेविया (बेंगलूरू), नेक्स्टप्ले.एआई (औरंगाबाद), पैरास्पीक (गुरुग्राम) और पृथ्वी रक्षक (पलामू) को 1 करोड़ रुपए की इनक्यूबेशन ग्रांट प्रदान की गई। ये टीमें आईआईटी दिल्ली के एफआईआईटी लैब्स में विशेषज्ञ मेंटरशिप के साथ अपने प्रोटोटाइप को बड़े पैमाने पर उपयोगी समाधानों में विकसित करेंगी। जूरी पैनल में सैमसंग के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ शिक्षा, सरकार और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों के नवाचारों का मूल्यांकन चार प्रमुख विषयों पर किया। इस वर्ष के संस्करण में पूरे भारत से हजारों छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने साहसिक और मानव-केंद्रित विचार व्यक्त किए गए।

## गुरू रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कुकरीखेड़ा, बरेला जबलपुर

**मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से संबद्धता प्राप्त**

कंप्यूटर संकाय में कॉलेज कोड 28 के तहत नियुक्ति हेतु आवेदक की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। आवेदन विज्ञापन प्रसारित होने की तिथि से 15 दिन के अंदर जमा करें- विवरण निम्न अनुसार है :-

| फैकल्टी | योग्यता | पद संख्या |
|---|---|---|
| कंप्यूटर अनुप्रयोग | AICTE नॉर्म्स के अनुसार | 03 |

- उपरोक्त पद के लिए अहर्ताएं यूजीसी/ एनसीटीई/ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नियमों के आधार पर होगी।
- आवेदक अपना आवेदन पत्र सचिव के निम्नपते पर रू1500/- के गुरू गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी जबलपुर के नाम ड्राफ्ट के साथ सीधे या डाक द्वारा अंतिम तिथि के पूर्व भेजें। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 9425604021 पर संपर्क कर सकते है।
- स्ववितीय योजना के अंतर्गत

सचिव
गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी, बंगला नंबर दो, चौथा पुल रोड, जबलपुर

## होंडा ने देशभर में 35 मिलियन एक्टिवा ग्राहकों तक पहुंच बनाई

**गुरुग्राम।** देश की अग्रणी दोपहिया निर्माता कंपनी, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने एक्टीवा श्रृंखला एक्टिवा 110, एक्टीवा 125 और एक्टिवा - आई की 35 मिलियन यूनिट्स की बिक्री का महत्वपूर्ण माइलस्टोन पार किया है। यह उपलब्धि एक्टिवा की देशभर के ग्राहकों के बीच मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को दर्शाती है। यह माइलस्टोन 24 वर्षों की अवधि में हासिल किया गया है। एक्टिवा की मौजूदगी सचमुच पूरे भारत में है। 2001 में लांच होने के बाद से ही एक्टिवा ने देश में टू-व्हीलर ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा बदल दी है, जिससे लोगों को भरोसेमंद और आसान मोबिलिटी का अनुभव मिला है। एचएमएसआई की ग्रोथ में एक्टिवा ने हमेशा अहम भूमिका निभाई है और भारतीय दोपहिया बाजार में ब्रांड की मजबूत मौजूदगी को बढ़ाया है। एक्टीवा की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि होंडा भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को गहराई से समझता है आसान चलाने का अनुभव, लगातार परफॉर्मेंस, बेहतर माइलेज और निश्चिंत सफर। वक्त के साथ एक्टीवा ने खुद को लगातार अपडेट किया है, लेकिन अपनी इन मूल विशेषताओं से कभी समझौता नहीं किया। पहले 10 मिलियन एक्टीवा ग्राहकों का आंकड़ा 2015 में, 20 मिलियन का 2018 में और अब 35 मिलियन का 2025 में पूरा हुआ जो लाखों ग्राहकों के अटूट भरोसे की कहानी बयां करता है।

## MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON, DISTRICT-SURAJPUR

**E-Procurement Tender Notice**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in,
UDD Portal: https://uad.cg.gov.in
NO:1287/NIT/BHATGAON/S/2025-26 BHATGAON Dated-29/10/2025
**Online bids are invited for the following works of Items up to:**
Start Date and Time 29/10/2025 (Start date & time of Bid preparation) at 17:31 PM on wards.

| NO. | SYSTEM TENDER NO | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 178249 | Construction of mini stadium at ward no. 05 | Rs. 190.40 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 29-10-2025 17:31 PM and Bid Due Date & Time 14-11-2025 Before 17.30 PM onwards.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Bhatgaon**
**District-Surajpur (C.G.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/2330 लो.नि.वि./निर्माण/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 27/10/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_459217_1 | बीडी अग्रवाल वार्ड क्रमांक 25 में स्थित शासकीय आवास स्थित कालोनी में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 30 days/- 2,62,004/- | 2000/- 2,620/- | ........2025 27/11/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
(वास्ते आयुक्त)
नगर पालिक निगम कटनी

## कार्यालय सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय जिला बालाघाट (म. प्र.)

क्रमांक/निविदा/2025/271 बालाघाट दिनांक :- 18.10.2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए वर्ष 2025-26 के शेष माह एवं 2026 - 27 वित्तिय वर्ष के लिए दो प्रवर्गो में निविदाए आमंत्रित कि जाती है ।

| प्रवर्ग क्रमांक | प्रवर्ग का प्रकार । | धरोहर राशी |
|---|---|---|
| प्रवर्ग एक | मुद्रण कार्य (ऑफसेट) साइनेज एव फ्लेक्स सामग्री । | 25,000/- |
| प्रवर्ग दो | स्टेशनरी प्रदाय । | 25,000/- |

टेंडर डॅक्यूमेंट जिसमें शर्तो का उल्लेख है इसका अवलोकन वेब साईट http://www.mptenders.gov.in में किया जाकर टेंडर डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकता है । उपरोक्त प्रवर्ग हेतु निविदाएं (टेक्नीकल बिड एवं दर विड अलग-अलग लिफाफे में) प्रस्तुत करना होगा। उक्त प्रवर्गो के लिये अलग-अलग राशि की EMD संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो आनलाइन देय होगी। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त प्रवर्गो के निविदा फार्म की राशी 1000 रुपए होगी । Bankkers Cheque स्वीकार्य नहीं होंगे। Bankkers Cheque संलग्न करने पर निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी। टेक्नीकल बिड जमा करना अनिवार्य नही है। टेक्नीकल बिड दिनांक 20 नवम्बर 2025 दोपहर 12.30 बजे एवं दर बिड खोले जाने की सुचना पृथक से दि जावेगी । निविदा आनलाइन है निविदाकार कि उपस्थिती अनिवार्य नही है। स्थानीय निविदाकारों को प्राथमिता दी जावेगीं । निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला चिकित्सालय की कय समिति एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा ।

सिवल सर्जन
G-20701/25 सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट

## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।:- **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.156–2025 दिनांक 27.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :**वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी–जबलपुर सेक्शन पर यार्डो में सुधार के संबंध में, सीटीआर–4.827 किमी, टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूएमएस) 1/12–9 नग, 1/8.5–43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) 1/12–3 नग, 1/8.5–15 नग और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12–1 नग, 1इन 8.5–.3 नग का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 3,94,30,761/-, **बयाना राशि रुपये :** 3,47,200/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.157–2025 दिनांक 27.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर क्षेत्रधिकार के अंतर्गत 2 विविध कार्य। (कार्य का भाग:– पिपरिया और नरसिंहपुर स्टेशन पर ड्यूटी रुम और स्टोर रुम का प्रावधान भाग–1:– सहायक मंडल इंजीनियर (नरसिंहपुर) उप–मंडल के अंतर्गत ड्यूटी रुम, स्टोर रुम के साथ नए एसएसई/जेई इलेक्ट्रिकल कार्यालय का निर्माण। भाग–2:– पिपरिया: सहायक मंडल इंजीनियर (पिपरिया)उप–मंडल के अंतर्गत ड्यूटी रुम, स्टोर रुम के साथ नए एसएसई/जेई इलेक्ट्रिल कार्यालय का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,19,80,424/-, **बयाना राशि रुपये :** 2,09,900/-, **समापन अवधि :** 10 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 158–2025 दिनांक 27.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** रीवा – सहायक मंडल इंजीनियर (उतर) सतना उप–मंडल के अंतर्गत रीवा कोचिंग डिपो में वंदे भारत स्टोर भवन का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 1,83,16,293/-, **बयाना राशि रुपये :** 2,41,600/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 159–2025 दिनांक 28.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) क्षेत्राधिकार के तहत रेलवे ईडी वैगनों/बॉक्सों/हॉपरों में पत्थर क्वेरी डस्ट/बोल्डर की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग और मकरोनिया/गिरवार/पथरिया/दमोह/घटेरा /सगोनी/बीना–कटनी सेक्शन में कहीं भी अनलोडिंग ।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 99,32,450/-, **बयाना राशि रुपये :** 1,98,700/-, **समापन अवधि :** 24 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.160–2025 दिनांक 28.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) सेक्शन के अंतर्गत बीना–कटनी सेक्शन पर यार्डो में सुधार के सम्बंध में सीटीआर–1.81, किमी टीबीआर 22.975 किमी, टीटीआर एफएस + टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12 – 28 नग, 1/8.5–20 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस डब्ल्यूसीएमएससी) 1/12–13 नग, 1/8.5–9 नग का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 51937867, **बयाना राशि रुपये :** 4,09,700/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे :** 21.11.2025, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे:** 21.11.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** उपलब्ध है एवं इसकी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## SECTION - 1
## Notice Inviting Tender
## GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH, FOREST DEPARTMENT DIVISION DINDORI

NIT. No /2025-26 /e-tendering/**2025_MPFD_459166_1** Dindori Dated: 29/10/2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria:

| S.No. /Pkg / Code | Name of Work | District (s) | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL WORK AT DINDORI | Dindori | 7.61 | 45 Days (12 Months) (Including Rainy Season) |

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website **https://mptenders.gov.in/** 2. The Bid Document can be purchased only online from Date 29.10.2025 Time 10.30 am to Date 18.11.2025 Time 06.00 pm **As provided in the portal (https://mptenders.gov.in)** 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. 4. The Affidavit of Rs. 200/- in prescribed format as per Annexure-B duly notarized and other mandatory documents along with electronic EMD shall be uploaded online along with the tender as instructed by the Government of Madhya Pradesh, Public Works Department, Vide Order No. **205/प्रस/लोनिवि/20** Bhopal, Dated 03.11.2020.If any bidder fails to upload the above mentioned online then their tender/offer shall stand disqualified. 5. The tender document can be purchased only online from the above website after making online payment using credit card or internet banking account. Detailed NIT and other details can be view on the above mentioned portal.

**Puneet Sonkar**
G-20723/25 **Divisional Forest Officer,Territorial Division Dindori**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 21 / 2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** मण्डला, दिनांक 27.10.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे ।

| ग्रुप. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_458744_1 | मण्डला | मोचा सोतिया मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 किमी. पोल शिफ्टिंग सहित । | प्रथम आमंत्रण | 300.00 | 300700 | 15000 | 04 माह वर्षा-काल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_458745_1 | मण्डला | बिछुआ से कोटा सांगवा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.48 किमी. | प्रथम आमंत्रण | 315.62 | 315700 | 15000 | 05 माह वर्षा-काल सहित |
| | | | | योग रु. | 616.28 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/11/2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
G-20710/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" लो. नि. विभाग (भ/स) सभांग मण्डला

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र.-2 जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333. ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

अल्पकालीन निविदा सूचना क्र 26 वर्ष 2025-26 जबलपुर दिनांक 24/10/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-20**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_459063_pack1 | पश्चिम विधानसभा क्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत माननीय विधायक निधि से मार्ग निर्माण, नाली एवं अन्य विभिन्न कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2025_PWDRB_459064_pack1 | पचपेढी स्थित ई एवं एफ टाईप क्वार्टरर्स में यू.पी.व्ही.सी. खिड़कियां, दरवाजे लगाने आदि का कार्य । | प्रथम | 19.97 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2025_PWDRB_459065_pack1 | पचपेढी स्थित ऑफीसर्स बंगलों में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2025_PWDRB_459067_pack1 | पचपेढी उपखण्ड स्थित आवासीय भवनों में छज्जा मरम्मत एवं बाण्ड्रीवॉल मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2025_PWDRB_459068_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत उपखण्ड क्र. 2 के डॉक्टर्स बंगलों में मरम्मत, खिड़कियों का रखरखाव एवं एल्युमिनियम का कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 6 | 2025_PWDRB_459070_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत उपखण्ड क्र. 2 के अंतर्गत आवासीय भवनों में मरम्मत एवं वाटर सीवर लाईन का रखरखाव कार्य । | प्रथम | 20.00 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 7 | 2025_PWDRB_459071_pack1 | पथरिया से भैरोघाट मार्ग का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 176.71 | 176710/- | 12500/- | 06 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 11/11/2025 समय 17.30 बजे तक है । इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें ।(2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-20750/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रं. -2, जबलपुर

## चिंतन

# भारत पर दबाव बनाने को कड़े फैसले ले रहे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोगली नीति पर चल रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करते हैं तो अगले ही पल भारत और भारतियों के खिलाफ किसी फैसले को अमल में ले आते हैं। वे लगातार भारत के खिलाफ चुभती बातें बोल रहे हैं। कभी पाकिस्तान की तारीफ करते हैं और कभी यह कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। दिवाली पर भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल का आयात कम करेगा, जबकि भारत ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। इसके बाद उन्होंने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगा दी। इसके चलते भारत का रूस से तेल खरीदना कठिन हुआ ही साथ में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम भी बढ़ गए। भारत पर 25+25 टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक भारत विरोधी फैसले ले रहे हैं। ये वही डोनाल्ड ट्रंप हैं, जिन्हें राष्ट्रपति चुनाव में जी भरकर भारतीय समुदाय के लोगों ने वोट दिए, लेकिन राष्ट्रपति बनते ही भारत के खिलाफ खड़े हो गए। अब ट्रंप प्रशासन ने ऑटोमैटिक वर्क परमिट एक्सटेंशन की सुविधा खत्म कर दी है। इसका सबसे बड़ा झटका अमेरिका में काम करने वाले भारतीयों को लगेगा। इसका मतलब ये हुआ कि अगर किसी का वर्क परमिट कल खत्म हो रहा है, तो वो आज खुद ही ऑटोमेटिक नहीं बढ़ेगा। अभी तक ये होता था कि अगर किसी का वर्क परमिट खत्म हो जाता था, उसे ऑटोमैटिक 540 दिनों का एक्सटेंशन मिल जाता था और इस दौरान उसे अपने परमिट का नवीनीकरण करवाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। इसीलिए सवाल ये उठ रहे हैं कि क्या अब वर्क परमिट खत्म होने का बाद नौकरी चली जाएगी और क्या अमेरिका ही छोड़ना पड़ेगा। इस फैसले को लेकर अमेरिका में भारतीय पेशेवरों में खासी बेचैनी हैं। वो लोग भी खासे उलझन में हैं जिन्होंने अनुबंध आधार पर नौकरी पा रखी है। पहले होता यह था कि किसी कंपनी से अनुबंध आधार पर जॉब के बाद वे दूसरी कंपनी में चले जाते थे। अब उनके लिए परेशानी होगी। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का गंभीर असर उन हजारों भारतीय प्रोफेशनल्स पर होगा, जो एच-1बी वीजा, एच-4 स्पाउस परमिट, या ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर अमेरिका में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, जो भारतीय नागरिक ग्रीन कार्ड के लिए सालों से इंतजार कर रहे हैं, उन्हें अब हर बार वर्क परमिट रिन्यूअल में देरी होने पर नौकरी खोने का जोखिम झेलना पड़ेगा। यह नियम अमेरिका में वर्क परमिट रिन्यूअल की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव है। अब यदि यूएस सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विस समय पर आवेदन अप्रूव नहीं करेगा तो कर्मचारी अपनी मौजूदा नौकरी तुरंत खो देगा और फिर उसे अमेरिका में रहने का अधिकार भी नहीं मिलेगा। वे नौकरी खत्म होते ही अवैध की श्रेणी में आ जाएंगे। वैसे भी मौजूदा प्रक्रिया के मुताबिक, वर्क परमिट रिन्यूअल में तीन से बारह महीने तक का समय लग सकता है। ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि नौकरी क्या है और वो किस क्लास में आता है। इस बीच, जो कर्मचारी समय पर रिन्यूअल नहीं करा पाएंगे, उन्हें अवैध कर्मचारी या अवैध नागरिक माना जाएगा। अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे युवाओं के साथ ट्रंप प्रशासन क्या सलूक कर रहा है, ये पूरी दुनिया देख चुकी है। अब ट्रंप ने यह फैसला केवल और केवल भारत पर दबाव बनाने के लिए किया है, ताकि भारत उनकी शर्तों को माने, लेकिन वो ये नहीं जानते कि यह नया भारत है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई दबाव उसे झुका नहीं सकता।

## जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज




# राष्ट्रीय एकता के सुदृढ़ स्तंभ कहलाए वल्लभभाई पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे, अहमदाबाद रहकर वकालत के क्षेत्र में यह तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व ने तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सन 1931 में कराची में हुए कांग्रेस के अधिवेशन की इन्होंने अध्यक्षता की। अपनी कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति की भावना ने सरदार पटेल को भारतीय राष्ट्रीय राजनीति का लब्ध प्रतिष्ठित नेता बना दिया था। यही कारण है कि सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल जी को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा अधिक से अधिक राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने उनकी सहायता की और फिर 1947 में कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ पटेल का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिल लिया गया। विश्व इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। इतनी विशाल संख्या में बिखरी हुई रियासतों के एकीकरण के असंभव कार्य को सरदार पटेल ने अपने फौलादी व्यक्तित्व के बल पर संभव बनाकर भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ता प्रदान की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अभी भी साहूकारी कर्ज की चुनौती



## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

इन दिनों ग्रामीण भारत और किसानों की ऋणग्रस्त विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि यद्यपि किसानों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी गांवों में बड़ी संख्या में छोटे किसान साहूकारी कर्ज के घेरे में आते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ग्रामीण धारणा सर्वेक्षण रिपोर्ट 2025 के तहत ग्रामीण भारत में ऋण वितरण और चुनौतियों के संबंध में दो अत्यधिक महत्वपूर्ण बातें रेखांकित हुई हैं।

पहली अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब 54.5 फीसदी परिवार केवल औपचारिक स्त्रोतों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी समितियां, सूक्ष्म वित्त संस्थान आदि से ऋण लेते हैं, जो सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। चूँकि ग्रामीणों को ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के माध्यम से जो ऋण दिए जाते हैं, वे सरकार के द्वारा निर्धारित कुछ निश्चित नियमों व शर्तों के तहत उचित निर्धारित ब्याज दर से जुड़े होते हैं अतएव कर्ज लेने वाले ग्रामीण आर्थिक शोषण से बच जाते हैं। रिपोर्ट की दूसरी प्रमुख बात यह है कि यद्यपि ग्रामीण भारत में औपचारिक ऋण वितरण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई परिवार साहूकारों, दोस्तों, परिवारों और अन्य अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं। यह वर्ग अभी भी ऊंची ब्याज दर पर कर्ज दे रहा है और औसत ब्याज दरें लगभग 17-18 फीसदी से भी अधिक होती हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गांवों में लगभग 23.5 फीसदी परिवार औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरह के ऋणों पर निर्भर हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक ऋण व्यवस्था ने अच्छी प्रगति की है। रिपोर्टों के मुताबिक गांवों में किसानों को औपचारिक ऋण से जोड़ने के मद्देनजर सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इससे ग्रामीण लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि, डिजिटल उपयोग में वृद्धि, खपत में वृद्धि, ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, गांवों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार, ग्रामीण भारत के लोगों की पूरक आय में वृद्धि जैसी सकारात्मक पृष्ठभूमि निर्मित हुई हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए अब तक देश के कोई 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 20 किश्तों में 3.9 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है, जिससे उन्हें खेती-किसानी से जुड़े खर्चों में राहत मिल रही है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू




की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। लेकिन चिंताजनक यह है कि अभी भी ग्रामीण जनजीवन के करीब 22 फीसदी लोगों की कर्ज के लिए साहूकारों और अनौपचारिक स्त्रोतों पर जो निर्भरता बनी हुई है, उसके कारण बड़ी संख्या में छोटे किसानों की आर्थिक सुरक्षा कमजोर है। स्थिति यह है कि जब कई छोटे किसानों को आय अस्थिरता, मौसमी जोखिमों और सरकार से पर्याप्त धन हस्तांतरण की कमी का सामना करना पड़ता है, तब इन परिस्थितियों में ये किसान भारी भरकम ब्याज के बावजूद साहूकारों की चौखट पर दस्तक देते हुए दिखाई देते हैं। कई बार सामाजिक और जनसांख्यिकीय कारक भी साहूकारों से ऋण लेने के मद्देनजर असर डालते हैं। स्थिति यह भी है कि कई बार छोटे किसान औपचारिक स्त्रोतों से ऋण लेना तो चाहते हैं मगर इसके लिए उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं होती, मसलन दस्तावेज की कमी, गारंटी दाता की कमी एवं अन्य शर्तें बाधा डालते हुए दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित कृषि परिवारों की स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण और संपूर्ण भारत ऋण और निवेश सर्वेक्षण के अनुसार लगभग पचास प्रतिशत कृषि परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक किसानों को ऋण के लिए संस्थागत बैंकों के साथ-साथ गैर-संस्थागत स्त्रोतों जैसे साहूकारों और रिश्तेदारों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। कई बार ये छोटे किसान भारी भरकम ब्याज दर से ऋण चुका पाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में उन्हें ब्याज के बोझ को हल्का करने के लिए फिर ऋण लेना होता है और ऐसे छोटे किसान साहूकारों के ऋण जाल में फंसते चले जाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि गांवों में बैंक शाखाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग शाखाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही गांवों में सहकारी समितियों का नया विस्तार दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम भी उठाने की जरूरत है। छोटे ऋणों और कम अवधि के ऋण वाली कई योजनाएं तैयार करके साहूकारों पर निर्भरता कम की जाना होगी। यह भी महत्वपूर्ण है कि गांवों में साहूकारों पर ऋण निर्भरता की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यवसायों को विश्वसनीय संस्थागत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने हेतु लक्षित नीतिगत उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। खासतौर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतिम छोर तक मजबूत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) की भूमिका को प्रभावी बनाना होगा। गांवों में तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एनबीएफसी के लिए एक मजबूत पुनर्वित्त सुविधा तत्काल सुनिश्चित करनी होंगी। साथ ही एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के तहत प्रतिभूति हितों को लागू करने के लिए ऋण राशि की सीमा को और घटाया जाना अत्यधिक लाभकारी कदम होगा। इन सुधारों के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता में सुधार करने और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी बुनियादी वित्तीय शिक्षा से साहूकारों पर निर्भरता कम करनी होगी। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन की यात्रा सुखमय कैसे हो



संकलित

## दर्शन

मनुष्य का पूरा जीवन ही यात्रामय है। हम प्रायः दूसरों के दिखाए रास्तों पर ही चलते हैं, लेकिन जब मनुष्य अंतर्मन की यात्रा करता है, तब यहां किसी प्रकार के कोई पदचिह्न नहीं होते। इस यात्रा पर चलने से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते और आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते। जो हमने यात्रा प्रारंभ की है। यात्रा के लिए हमने एक मार्ग चुना है। मार्ग पर हर कोई चलता है। हम भी चलते थे और चल रहे हैं। हर मार्ग पर पदचिह्न होते हैं, किंतु आज हमने एक ऐसा मार्ग चुना है, जिसमें कोई पदचिह्न नहीं है। पदचिह्न होने का अर्थ है- अनुसरण होना। जहां अनुसरण नहीं होता, वहां कोई पदचिह्न भी नहीं होता। हमारा मार्ग बिना पदचिह्न का मार्ग है। इसमें कोई किसी का अनुसरण नहीं करता। एक चिंतन आता है और उसका संस्कार बन जाता है। एक प्रवृत्ति होती है और उसका संस्कार बन जाता है। एक शब्द आता है और उसका संस्कार बन जाता है। चिंतन चला जाता है, प्रवृत्ति चली जाती है, शब्द चला जाता है, किंतु वे अपने पीछे चिह्न छोड़ जाते हैं। जो छोड़ा जाता है, उसकी आवृत्तियां होती रहती हैं। संस्कार शेष रह जाते हैं। किंतु हमने ऐसे मार्ग पर यात्रा शुरू की है, जिसमें कोई अनुसरण नहीं है, पदचिह्न नहीं है। जब चलने वाला अपने मार्ग से आसक्त हो जाता है, तब पदचिह्न शेष रह जाते हैं।

# सवाल का जवाब चाहिए तो रहें मौन



संकलित

## प्रेरणा

मौन रहना न केवल कई समस्याओं का समाधान हो सकता है, बल्कि कई जिज्ञासाओं का जवाब भी हो सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, मौन केवल चुप रहना नहीं होता, बल्कि यह भीतर की यात्रा है। जब मन शांत होता है, तब बोधि (ज्ञान) का द्वार खुलता है। एक बार एक विद्वान ब्राह्मण मौलुंकपुत्र, जो पांच सौ शिष्यों के साथ आया था, बुद्ध के पास पहुंचा। उसके मन में अनेक प्रश्न थे। जैसे कि, क्या आत्मा और शरीर एक ही हैं या अलग-अलग? संसार शाश्वत है या अस्थायी? मृत्यु के बाद क्या होता है? इन प्रश्नों को लेकर मौलुंकपुत्र बुद्ध के पास पहुंचे और बोले- भगवन! आपको मुझे इन प्रश्नों के जवाब देने ही होंगे। बुद्ध ने उसकी आंखों में देखा और कहा - मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा, लेकिन एक शर्त है। एक वर्ष तक मौन रहो, ध्यान करो और भीतर के शोर को शांत करो। जब तुम्हारे भीतर की बातचीत रुक जाए, तब तुम पूछना और मैं उत्तर दूंगा। मौलुंकपुत्र दुविधा में पड़ गया। इतने प्रश्न, इतनी जिज्ञासा... और एक वर्ष का मौन! पास बैठे बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र हंस पड़े। उन्होंने कहा - मुझे भी यही शर्त दी गई थी। मैं पांच हजार शिष्यों का गुरु था। एक वर्ष मौन रहा... और जब समय आया, तो कोई प्रश्न ही नहीं बचा। बुद्ध ने उत्तर देने का वादा निभाया, लेकिन तब मुझे कुछ पूछने की ज़रूरत ही नहीं रही। मौलुंकपुत्र ने मौन स्वीकार किया। एक वर्ष ध्यान में डूबा रहा। भीतर का कोलाहल शांत हुआ। प्रश्न गल गए। एक वर्ष बाद बुद्ध ने पूछा - अब तुम पूछ सकते हो। मौलुंकपुत्र मुस्कराया और बोला - अब कोई प्रश्न ही नहीं बचा।

## सटाका




## आज की पाती

### जाम से कब मिलेगा निजात

पुराना धमतरी रोड, संजय नगर से आगे बढ़ते ही जाम मिलता है। वापसी पर फिर जाम की स्थिति बनी रहती है। भाठागांव में जब से अंतर्राज्यीय बस अड्डा आया। यहां की यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई। सड़कों पर दुकानदारों का बेजा कब्जा भी जाम की वजह बन रही है। ऐसे में लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। एक-दो दिन औपचारिकता पूरी करके प्रशासन फिर मुंह फेर लेता है।

*-कृष यादव, रायपुर*

## करंट अफेयर

# सक्रिय रूप से यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा ईरान

संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने बताया कि ऐसा प्रतीत नहीं होता कि ईरान सक्रिय रूप से यूरेनियम का संवर्धन कर रहा है, लेकिन एजेंसी ने हाल में देश के परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां देखी हैं।




अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों तक पहुंच न होने के बावजूद, निरीक्षकों को उपग्रह चित्रों में ऐसी कोई गतिविधि नहीं दिखी है जिससे यह संकेत मिले कि इस्लामिक गणराज्य ने जून में इजराइल के साथ 12 दिन के युद्ध के बाद अपने यूरेनियम संवर्धन को पहले से अधिक तेज किया है। ग्रॉसी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, हालांकि, 60 प्रतिशत संवर्धित परमाणु सामग्री अब भी ईरान में है। और यह उन बिंदुओं में से एक है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं क्योंकि हमें वहां वापस जाकर यह पुष्टि करनी होगी कि सामग्री वहां है और उसका किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रॉसी ने कहा कि हालांकि, निरीक्षकों ने उन जगहों के आसपास गतिविधियां देखी है जहां भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पहुंच के बिना, आईएईए को उपग्रह चित्रों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो केवल कुछ ही जानकारी दिखा सकते हैं।

## ऑफ बीट

# महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला लंदन के नेसडेन मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, जिसे नेसडेन मंदिर के नाम से जाना जाता है, की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रार्थना और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। महाराजा (76) का स्वागत मुख्य पुजारी साधु योगविवेकदास स्वामी द्वारा पारंपरिक नादचड़ी या शांति और मैत्री के प्रतीक पवित्र धागा बांधने की रस्म के साथ किया गया। प्रवेश द्वार पर अपने जूते उतारने वाले राजपरिवार के सदस्यों को मोतियों से बंधे फूलों की माला पहनाई गई, जिसके बाद उन्हें अलंकृत मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया – यह यूरोप का पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है, जिसका उद्घाटन अगस्त 1995 में हुआ था। मंदिर के प्रमुख देवता भगवान स्वामीनारायण की पवित्र प्रतिमा पर 11 वर्षीय स्कूली छात्र देव पटेल ने पुष्पांजलि अर्पित की, जबकि महाराजा ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उन्होंने दक्षिण-पूर्व लंदन से आए पटेल परिवार द्वारा भगवान स्वामीनारायण के किशोर रूप श्री नीलकंठ वर्णी महाराज के अभिषेक समारोह का अवलोकन करने के बाद आभार व्यक्त किया और उपस्थित लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को था। साधु योगविवेकदास ने अपने स्वागत भाषण में कहा, यह मंदिर ईश्वर का घर है।



## ट्रेंड

### संविधान मिटाने की कोशिश



संविधान को मिटाने-हटाने की कोशिश भाजपाई और उनके संगी-साथी कभी रूप बदलकर करते हैं तो कभी नया मुखौटा लगाकर। पीडीए संविधान की रक्षा के लिए वचनबद्ध है क्योंकि संविधान ही हमारी ढाल और संविधान ही संजीवनी है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### आस्था का अपमान



बिहार में राहुल गांधी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत जिस तरीके से की है, वह न केवल राजनीतिक अपरिपक्वता का प्रतीक है, बल्कि बिहार और दिल्ली के करोड़ों छठ श्रद्धालुओं की लोक आस्था का अपमान है। उनका यह बयान घोर निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### राहुल गांधी विदेशी नेता



देशी नहीं, विदेशी नेता हैं राहुल गांधी। उन्होंने 2015 से 2019 के बीच 247 विदेश यात्राएं की। औसतन हर एक साल 50 से अधिक विदेशी यात्राएं। इसमें वह यात्राएं शामिल नहीं हैं जो उन्होंने चोरी से की। ऐसे नेता पर देश कभी भरोसा नहीं कर सकता।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### मूल्यांकन और मूल्य



मूल्यांकन और मूल्य एक ही नहीं हैं। मूल्यांकन और वास्तविक मूल्य के बीच की विशाल खाई एक गहरी खाई की तरह इतनी चौड़ी होती जा रही है कि यह हमारे वित्तीय बाजारों को निगल सकती है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *





## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *

## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु
रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जू' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।
-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।
-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177


1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर



कहानी
क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अतंरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'


दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अतंरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज


## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मयंक, गुना



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खीर, पुड़ी पकवान का लगा भोग

# श्रद्धा से मनाई गई आंवला नवमीं



**जबलपुर।** आंवला नवमीं का पर्व यहां पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सुबह से व्रत रखा, स्नान ध्यान किया और आंवले के पेड़ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर 108 बार परिक्रमा की। पूजा अर्चना के बाद खीर पुड़ी और मिष्ठान का भोग लगाया गया। आंवले की छांव तले बैठकर भोजन किया और कराया गया। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु आंवले के पेड़ में निवास करते हैं। आंवला नवमीं के दिन पेड़ की पूजा अर्चना कर दान पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित पी.एल. गौतमाचार्य के मुताबिक कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी अक्षय नवमी कहलाती है। इस दिन स्नान, दान पूजन आदि करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। नवमी पर किया गया दान कई गुना अधिक लाभ दिलाता है, महिलाएं व्रत रखकर आंवले के वृक्ष की अक्षत पुष्प, चंदन से पूजन अर्चना कर वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा करती हैं और भजन गाती हैं। आंवले की छांव तले बैठकर भोजन प्रसादी की जाती है और ब्राह्मणों को भी भोज कराया जाता है।



### नर्मदा पंचकोशी परिक्रमाः

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया भेड़ाघाट-सरस्वती-लमेटा घाट का निरीक्षण

**जबलपुर।** आगामी 5 नवंबर, कार्तिक पूर्णिमा को प्रातः 8:30 बजे भेड़ाघाट के हरे कृष्णा आश्रम से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी। इस परिक्रमा में पूज्य संत महात्मा एवं देश के शहीद परिवारों की उपस्थिति रहेगी। परिक्रमा को लेकर जिला प्रशासन ने आज व्यापक प्रशासनिक निरीक्षण और बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर नाथूराम गोड, सीएसपी गोरखपुर, सीएमओ नगर परिषद भेड़ाघाट, टीआई भेड़ाघाट, पीडब्ल्यूडी, तहसील, पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग, मेट्रो बस और नाव संचालक, बिजली विभाग तथा नगर पंचायत अध्यक्ष चतुर सिंह एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।इसी अवसर पर जबलपुर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद गिरी महाराज जी के सानिध्य में 31 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे नर्मदा मैया की 900 फुट लंबी चुनरी का पूजन बगलामुखी मंदिर सिविक सेंटर में किया जाएगा। पूजन के बाद इसे बाणगंगा-नर्मदा संगम, बैनगंगा पुल, भेड़ाघाट में अर्पित किया जाएगा।इस शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, पं. मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मोहित तिवारी, सुरेश विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश नामदेव एवं दीपक तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होने की अपील की है।



# बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा चलाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**विद्यार्थियों ने चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में लिया भाग**

**जबलपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र, छिंदवाड़ा अंचल द्वारा "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025" के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो दिनांक 27.10.2025 से 02.11.2025 तक मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत, आर्मी पब्लिक स्कूल द इंटरनेशनल एकेडमी, छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा पारदर्शिता और नैतिक आचरण के महत्व के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दौरान अमित सुतकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सत्यनिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह एक ऐसा गुण है जिसे जीवन के आरंभिक चरण से ही अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और जवाबदेही बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा युवाओं की भूमिका को एक भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सतर्कता एवं पारदर्शिता विषय पर अपने विचारों को रचनात्मक रूप से निबंधों और चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया।

# मुस्लिम विकास परिषद मुख्यमंत्री को बताएगा सामाजिक समस्याएं



**जबलपुर।** मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने बताया कि एक बैठक सुपर मार्केट कॉफी हाउस में आयोजित की गई जिसमें परिषद के प्रदेश अध्यक्ष माहिर खान उपस्थित हुए। बैठक में समाजसेवियों व सदस्यों ने बताया कि मुस्लिम गरीब वर्ग के युवा, युवतियों की शादी की समस्या बनी हुई है, रिश्ता नहीं मिल पा रहा है, वहीं गरीबी के कारण बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं, निःशुल्क परिचय सम्मेलन करने व अल्पसंख्यक बच्चों की स्कालरशिप शासन द्वारा बंद कर दी गई है, जो बढ़ाई जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी प्रदेश के जिला अध्यक्षों से आग्रह किया कि हम भोपाल में मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं से अवगत कराएंगे। बैठक में मोनिस अंसारी, मामूर गुड्डू, निसार हैदर, इमरान खान, अरशद हैदर, एड. शेख रियाज मोहम्मद, एड. अकबर उस्मानी, एड. मो. इरफान राइन, एड. निसार अंसारी, एड. शादाब खान, अशरफ शीराजी, निजामी साहब, मुमताज खान, अजीज रजा आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष माहिर खान ने की। संचालन रियाज अशरफ चौधरी ने किया। अंत में डॉ. मुईन अंसारी ने आभार व्यक्त किया।

## वी-मित्र ऐप के 100 दिनः नागरिकों को मिले 15 लाख रुपए के इनाम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सामाजिक ऑडिट ऐप 'वी-मित्र' के 100 दिन पूर्ण हो गए। 'जानकारी दें, इनाम पाएं' अभियान के तहत अब तक 30 हजार मामलों की रिपोर्टिंग हुई, जिनमें से 3,850 मामलों में अनियमितताएं मिलीं। सही सूचना देने वाले नागरिकों को 3,150 मामलों में कुल 15.5 लाख रुपए सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए।कंपनी के अनुसार, ऐप का स्ट्राइक रेट 22 फीसदी रहा, जो अन्य एजेंसियों से बेहतर है। जांच में 4.64 करोड़ रुपए की बिलिंग और 23 लाख रुपए की वसूली हुई। अनियमितता वाले क्षेत्रों के विद्युत अमले पर 3.25 लाख रुपए की प्रोविजनल पेनाल्टी लगाई गई। प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कहा कि "वी-मित्र केवल तकनीकी प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है।"

**छिंदवाड़ा की दिशा में बढ़ रहा जबलपुर, युकां ने दिया ज्ञापन**

# शहर भर में झोला छाप डॉक्टरों का कहर

## डिग्री होम्योपैथी-आयुर्वेद की, इलाज कर रहे अंग्रेजी दवाओं से



**जबलपुर।** युवा कांग्रेस के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष विजय रजक के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छिंदवाड़ा में कुछ दिन पहले ही झोलाछाप डॉक्टरों की गलती से 28 बच्चों ने अपनी जान गंवा दी थी, डॉक्टर तो जेल चले गए, लेकिन कुछ परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छिन गईं। जबलपुर में भी हर महीने दर्जनों लोग फर्जी डॉक्टरों के गलत इलाज से जान गंवा रहे हैं, जबलपुर शहर में हजारों क्लीनिकों में एलोपैथी पद्धति (अँग्रेजी दवाओं) से वो डॉक्टर इलाज कर रहे हैं जिन्हें एलोपैथी का कोई नॉलेज नहीं है, होम्योपैथी व आयुर्वेद की डिग्री लेकर ये फर्जी डॉक्टर रोज हजारों मरीजों की जान से खेलते हैं और सिर्फ कमीशन खोरी के चलते मरीजों को जबरन बड़ी-बड़ी जाँच लिखते हैं और महँगी महँगी दवाएं लिखकर मरीजों को लूटते हैं। संगठन ने चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे शहर में खुलेआम चल रही इन मौत की दुकानों एवं इन्हें चला रहे फर्जी डॉक्टरों पर शहर के मरीजों के हित में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन के दौरान नगर अध्यक्ष विजय रजक, शुभम रजक, सुमित गुप्ता, मोहित सुफेले, लखन श्रीवास्तव, अभिषेक दहिया, देवेंद्र काली, गोविंद रजक, अमन प्रजापति, शुभम, ओम प्रजापति, गगन सिसोधिया, लक्की सुफेले आदि लोग उपस्थित थे।




# राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका उत्सव का रंगारंग समापन

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र मप्र भोपाल एवं राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान एवं अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका मुख्य कथानक मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत उप कथानक विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं स्मार्ट कृषि, डिजिटल भारत जीवन को सशक्त बनाना, सभी के लिए स्वच्छता एवं हरित प्रौद्योगिकी विषय पर दो दिवसीय (28 व 29 अक्टूबर) विज्ञान नाटिका आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रांतीय शिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य एसएस मरावी एवं शासकीय शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती लक्ष्मी सिंह पवैया संचालक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान एवं अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर की अध्यक्षता में आठ जोनों जबलपुर, छतरपुर, खंडवा, देवास, रीवा, ग्वालियर, भोपाल और उज्जैन के लगभग 100 विद्यार्थियों ने अपने 20 मार्गदर्शक के साथ सहभागिता दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक द्वय डॉ. राजेश पांडे एवं प्रदीप कुमार बहरे, आयोजन प्रभारी साधना पांडे एवं अर्चना अयाची और संस्था के समस्त सदस्यों का सहयोग रहा। मंच संचालन साधना पांडे, अर्चना अयाची एवं डॉ. अजय तिवारी ने किया।

# धनगर यादव समाज ने गोपाष्टमी महोत्सव व गौ अलंकरण धूमधाम से मनाया



**जबलपुर।** धनगर यादव समाज जबलपुर विगत कई वर्षों से गोपाष्टमी के कार्यक्रम और गौ अलंकरण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है इसके अंतर्गत गौ माता का पूजन, ग्वाल नृत्य, दीपावली गायन और सम्मान समारोह आयोजित होता है। इस वर्ष धनगर यादव समाज जबलपुर मध्यप्रदेश ने रामपुर जबलपुर में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बरगी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कार कांवड़ यात्रा के संयोजक शिव यादव, जेडीए के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ यादव, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, समाज के वरिष्ठ सदस्य खेमचंद धनगर, अर्जुन यादव, श्याम सुंदर यादव, शंकर शाह नगर वार्ड के पार्षद दिनेश गुडडू तामसेतवार रहे। अध्यक्षता धनगर यादव समाज के प्रदेशअध्यक्ष रामरतन यादव ने की।कार्यक्रम में दीपावली नृत्य के साथ-साथ ललपुर, सदर, बरगी रामपुर, कटंगा,की ग्वाल टोलियां शामिल हुईं, कार्यक्रम में धनगर यादव समाज के प्रत्येक सदस्य को एक गुल्लक प्रदान की गई जिससे उसमें समाज के सहयोग के लिए धनराशि एकत्र की जाएगी और समाज के आर्थिक विकास में उसका उपयोग किया जाएगा।गोपाष्टमी के पावन अवसर पर धनगर यादव समाज जबलपुर के साथ-साथ इटारसी, सागर के सामाजिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम उपस्थित रहे।

# शक्तिभवन में इंडियन काफी हाउस का उद्घाटन आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में कार्मिकों को इंडियन काफी हाउस के रूप में एक नई सुविधा उपलब्ध करवाने जा रही है। शक्तिभवन के ब्लॉक नंबर 9 में इंडियन काफी हाउस के सुसज्जति कैफेटेरिया का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन आज 31 अक्टूबर को अपरांह साढ़े 12 बजे किया गया है। इंडियन काफी हाउस का उद्घाटन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी सहित सभी विद्युत कंपनियों के वरिष्ठ अभयिंता व कार्मिक उपस्थित रहेंगे।

## अभद्र टिप्पणी से सिंधी समाज में आक्रोश

**जबलपुर।** भगवान झूलेलाल पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंधी समाज में गहरा आक्रोश है। गुरुवार को सिंधी समाज जबलपुर के एक प्रतिनिधि मंडल ने कैंट थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि रायपुर निवासी एक युवक ने भगवान झूलेलाल सहित अन्य देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक और अभद्र टिप्पणियां की हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस कृत्य की निंदा करते हुए सिंधी समाज और मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने आरोपी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# मृत्यु भोज प्रथा बंद करेगा कतिया समाज

**राष्ट्रीय आमसभा ने लिया निर्णय पारित**




**जबलपुर।** अखिल भारतीय कतिया समाज महासंघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.एस. महले राजकुमार की अध्यक्षता में सूपाताल, नागपुर रोड जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक कतिया समाज के आराध्य संत भूरा भगत की आरती पूजन के साथ प्रारम्भ हुई। मुख्य अतिथि सुरेश आरसे सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर रहे, विशिष्ट आतिथि राष्ट्रीय संयोजक वीरेन्द्र वेलवंशी पिपरिया, राष्ट्रीय संरक्षक अनिल महलगांवन, दीपचंद भानारे, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संतोष शिव, के समक्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुखनंदन शिव बिलासपुर एवं उपकोषाध्यक्ष दिनेश नाग के द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय स्तरीय पर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से समाज में व्याप्त कुप्रथा मृत्यु भोज और व्यौहार में कपड़ा प्रथा को बंद करने का निर्णय पारित किया गया। समाज की विशेष पहचान, सामाजिक जनगणना, युवा बेरोजगार को छोटे उद्योगों के प्रशिक्षण कार्यशाला, समाज में वैवाहिक परंपराएं रीति-रिवाज में एकरूपता लाना, समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा पर मार्गदर्शक मंडल का निर्माण कर उच्च शिक्षा आदि पर चर्चा उपरांत सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मै रहीम खान पिता शकूर खान निवासी:-म.न 2676/1 रजा चौक शहीद अब्दुल हमीद वार्ड जबलपुर, म.प्र.,आधार नं. 530578518326 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि-:1. यह कि, मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ।2. यह कि, मेरा पूरा व सही नाम RAHIM KHAN जो आधार कार्ड में दर्ज है।3. यह कि, किन्तु मेरे पासपोर्ट में (PASSPORT NO. J1418359) में भूलवश मेरा नाम अंग्रेजी में RAHEEM KHAN त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अंग्रेजी में RAHEEM KHAN के स्थान पर RAHIM KHAN दर्ज किया जावे जो कि सत्य व सही है, मेरे द्वारा दी गयी समस्त जानकारी सत्य व सही है, भविष्य में असत्य पायी जाने पर पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है अन्य किसी की नही है।4. यह कि, उपरोक्त पासपोर्ट में मेरे नाम RAHEEM KHAN के स्थान पर RAHIM KHAN दर्ज करने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
पूरा व सही नाम :- RAHIM KHAN
गलत नाम :- RAHEEM KHAN

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, Army No 15702333K, Rank- Hav, Name- Arun Bhaskar Bandi of 1 TTR, 1STC, Jabalpur (M.P) Aadhar Card No 9881 9223 2587 do here by solemnly affirm and declare that my father name BHASKARA RAMA HEGADE and date of birth is recorded as 11/12/1952 which is true and correct but in my army service records my father name BHASKAR and date of birth is recorded 01/07/1951 which is incorrect. I state that the true and correct name of my father BHASKARA RAMA HEGADE and date of birth 11/12/1952 and same name and date of birth shall be corrected in my army service records.
Correct Name
BHASKARA RAMA HEGADE
Incorrect Name-BHASKAR
Correct Date of Birth-11/12/1952
Incorrect Date of Birth-01/07/1951

**नाम सुधार सूचना**

मै शपथकर्ता BIPIN JATAV उम्र लगभग 48 वर्ष पिता LATE K.L. JATAV निवासी- क्या. नं. 8/1 न्यू क्वॉटर, 09 ब्लॉक 6वी बटालियन, एस.ए.एफ थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास कर रहा हूँ। मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIA ने सेंट जोसफ कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, रांझी, जबलपुर में कक्षा 10वी की परीक्षा वर्ष 2024-2025 में उत्तीर्ण की है जिसमें मेरी पुत्री को कक्षा 10वी की अंकसूची प्राप्त हुयी है। मेरी पुत्री के कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRIYSHNA JATAV दर्ज है एवं मेरी पत्नि के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। TRIYSHNA JATAV एवं TRISHNA SONI ये दोनो ही नाम मेरी पत्नि के ही है. किसी अन्य महिला के नहीं है। मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIA के शाला के अभिलेख एवं कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज किया जाये इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, Army No 15702333K, Rank- Hav, Name- Arun Bhaskar Bandi of 1 TTR, 1STC, Jabalpur (M.P) Aadhar Card No 9881 9223 2587 do here by solemnly affirm and declare that my mother name KAMAKSHI BHASKAR HEGDE and date of birth is recorded as 01/01/1962 which is true and correct but in my army service records my mother name KAMAXI and date of birth is recorded 01/07/1959 which is incorrect. I state that the true and correct name of my mother KAMAKSHI BHASKAR HEGDE and date of birth 01/01/1962 and same name and date of birth shall be corrected in my army service records.
Correct Name
KAMAKSHI BHASKAR HEGDE
Incorrect Name-KAMAXI
Correct Date of Birth-01/01/1962
Incorrect Date of Birth-01/07/1959

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा. प्र. क्र./942/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीता बाई ठाकुर S/O स्व. चरण सिंह राजपूत नि. 564 छोटी ओमती जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 94, प्लाट नं.112 निर्मित रकवा/रकवा 530 व. फु./अवि. हिस्सा....व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/दिनांक...मृत्यु दिनांक....को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र...खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.94 प्लाट नं. 112 निर्मित रकवा/रकवा 530 व. फु./अवि.हिस्सा व. फु. है. / ग्राम रकवा बेलबाग .प.ह.नं...खसरा नं...रकवा 530 व. फु./हे.....के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने में प्रस्तुत अभिभावक के माध्यम से दिनांक 31/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी । इश्तहार आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।
जारी दिनांक-15/10/2025
पेशी दिनांक-31/10/2025
(सील) तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क. 1445/अ-6/2025-26

आवेदक जगदीश प्रसाद पिता हीरालाल शर्मा निवासी बैतला आधारताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. /वसीयत क्र./दानपत्र क्रमांक....दिनाँक....माध्यम से मौजा बैतला नं.ब...प. ह. नं....स्थित भूमि खसरा नं. 144/6 रकबा 0.0200/2200 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता / फौत/दानकर्ता सर्व साधारण आम जनता से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म पी- ।। खसरा की छाया प्रति सलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 30/11/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14/10/25 इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक 14/10/25
पेशी दिनांक 30/11/25
(सील) नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1501/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 29/10/25
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण हाजी मोहम्मद इकबाल पिता स्व. हाजी मोह. इश्हाक एवं अन्य निवासी 86, साउथ मिलोनीगंज, जबलपुर द्वारा नजूल ब्लॉक नं. 23, प्लॉट नं. 127, का रकवा 1140 वर्गफुट भूमि हाजी मोहम्मद इशहाक पिता इस्माइल हाजी नि. मिलौनीगंज के नाम दर्ज है। यह कि खातेदार हाजी मोहम्मद इशहाक की मृत्यु दिनांक 06/12/2004 को हो चुकी है जिनके विधिक वारसानों में पुत्र हाजी मोहम्मद इकबाल, असगरी बेगम, सरवरी बेगम, मूना बेगम, मदीना बेगम सभी के पिता स्व. हाजी मोहम्मद इशहाक, जमीला बी पति स्व. हाजी मोह. समीम, पुत्र अब्दुल कादिर, पुत्रियॉं शफीना, शाहीन, नाजरीन, यास्मीन सभी के पिता स्व. हाजी मोह. समीम है। इसके अलावा अन्य कोई विधिक वारसान नहीं है। ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक:13/10/2025
पेशी दिनांक: 31/10/2025
नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./..../अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 29/10/25
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण जमीला बी पति स्व. हाजी मोहम्मद समीम एवं अन्य निवासी 86, साउथ मिलौनीगंज, जबलपुर द्वारा नजूल ब्लॉक नं. 29, प्लॉट नं. 109/2, का रकवा 575 वर्गफुट भूमि हाजी मोहम्मद शमीम वल्द हाजी मोहम्मद इशहाक नि. मिलौनीगंज के नाम दर्ज है। यह कि खातेदार हाजी मोहम्मद शमीम की मृत्यु दिनांक 21/10/2021 को हो चुकी है जिनके विधिक वारसानों में पत्नि जमीला बी पति स्व. हाजी मो. समीम, पुत्र अब्दुल कादिर, पुत्रियाँ सफीना, शाहीन, नाजरीन, यास्मीन सभी के पिता स्व हाजी मोह. समीम है। इसके अलावा अन्य कोई विधिक वारसान नहीं है। ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक....... तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक:10/10/2025
पेशी दिनांक: 31/10/2025
नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./..../अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 29/10/25
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण जमीला बी पति स्व. हाजी मोहम्मद समीम एवं अन्य निवासी 86, साउथ मिलौनीगंज, जबलपुर द्वारा नजूल ब्लॉक नं. 30, प्लॉट नं. 32, का रकवा 1044.87 वर्गफुट भूमि हाजी मोहम्मद शमीम वल्द हाजी मोहम्मद इशहाक नि. मिलौनीगंज के नाम दर्ज है। यह कि खातेदार हाजी मोहम्मद शमीम की मृत्यु दिनांक 21/10/2021 को हो चुकी है जिनके विधिक वारसानों में पत्नि जमीला बी पति स्व. हाजी मो. समीम, पुत्र अब्दुल कादिर, पुत्रियों सफीना, शाहीन, नाजरीन, यास्मीन सभी के पिता स्व. हाजी मोह. समीम है। इसके अलावा अन्य कोई विधिक वारसान नहीं है। ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक.... तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक:10/10/2025
पेशी दिनांक: 31/10/2025
नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पक्षकार क्रेता जितेन्द्र प्रताप सिंह पिता स्व. श्री रमेश सिंह ने कमला नेहरू वार्ड नं. 19 तहसील आधारताल जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित जबलपुर विकास प्राधिकरण जबलपुर विजय नगर की योजना क्रं. 41. भूखण्ड क्रमांक 362 रकवा 20X50 = 1000 वर्गफुट को विक्रेता ARBN ESTATES LLP द्वारा अधिकृत पार्टनर-शशांक दुबे से क्रय करने का सौदा अनुबंध दिनांक 30/10/2025 के माध्यम से किया हैं। विक्रेता द्वारा अनुबंध की शर्तों अनुसार समय सीमा पर JDA द्वारा विक्रय NOC प्राप्त कर दस्तावेज का पंजीयन किया जावेगा अतः उक्त भूखण्ड के संबंध में विक्रेता फर्म के अन्य भागीदार को या किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था को किसी प्रकार की आपति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 10 दिन के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, 10 दिन बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, और पक्षकार क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड के दस्तावेज का पंजीयन निकट भविष्य में यथा स्थिति मे करा लिया जावेगा तथा विक्रेता द्वारा उपस्थित न होने पर क्रेता द्वारा संबंधित न्यायालय से दस्तावेज का पंजीयन विधि पूर्वक कराया जावेगा।
जबलपुर दि. 30/10/2025
सेवाप्रदाता
श्याम कुमार झारिया
आफिस 88, हाट बाजार विजय नगर जबलपुर
मोबाईल नं. 9713155399, 9009993705